नई दिल्ली

नई दिल्ली, शुक्रवार 30 अगस्त 2019

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 23, अंक : 163
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00 *


**मौसम**
अधि. 37.6
न्यून. 26.6


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



13 भारत की नजरें 'क्लीन स्वीप' पर





विचार पेज
8 अब ट्रंप मुंह न खोलेंगे


## खबर संक्षेप

### नाराजगी की खबरों के बीच सोनिया से मिले हुड्डा



**नई दिल्ली।** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात उस वक्त हुई है जब हुड्डा की नाराजगी की खबरें पिछले कई दिनों से चल रही है। सूत्रों के मुताबिक सोनिया के आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान पार्टी के हरियाणा प्रभारी गुलाम नबी आजाद भी मौजूद थे। गौरतलब है कि पिछले दिनों हुड्डा ने रोहतक में एक रैली की थी जिसमें लगे पोस्टरों में सोनिया और राहुल गांधी की कोई तस्वीर नहीं थी। इसके बाद उनकी नाराजगी की खबरों को बल मिला। (पेज-7 भी देखें)

### युद्धाभ्यास के दौरान टी-90 टैंक का बैरल फटा

**जयपुर।** पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना के युद्धाभ्यास के दौरान टी-90 टैंक का बैरल फट गया, हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना बुधवार शाम की है और इसकी जांच के लिये कोर्ट आफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल सोंबित घोष ने गुरूवार को बताया कि पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में बुधवार की शाम युद्धाभ्यास के दौरान टी-90 टैंक का बैरल फट गया। उन्होंने बताया कि घटना में हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ, सेना ने इस मामले में 'कोर्ट आफ इंक्वायरी' के आदेश दिये है।

### तेलंगाना एक्सप्रेस में आग लगी, यात्री सुरक्षित



**नई दिल्ली।** हरियाणा को असौटी स्टेशन में हैदराबाद...नयी दिल्ली तेलंगाना एक्सप्रेस के दो डिब्बों में बृहस्पतिवार को आग लग गई। एक्सप्रेस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। उत्तर रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता दीपक कुमार ने बताया कि सुबह सात बज कर 43 मिनट पर ट्रेन के दो डिब्बों में आग लग गई। उन्होंने बताया कि दोनों डिब्बों को ट्रेन से अलग कर दिया गया है। आग पर काबू पाया जा चुका है।

### केरल-तमिलनाडू में एनआईए ने छापे मारे



**कोयंबटूर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस्लामिक स्टेट के केरल-तमिलनाडु मॉड्यूल की जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई स्थानों पर छापे मारे। एजेंसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि एर्नाकुलम की एनआईए अदालत की ओर से जारी वारंट के आधार पर पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। एनआईए ने बताया कि गुरुवार को आरोपियों से संबंधित पांच लोगों के घरों की तलाशी ली गई।

## नजरिया



## पीएम ने किया फिटनेस को जनांदोलन बनाने का आह्वान

# फिट इंडिया मूवमेंट को देश के कोने-कोने में पहुंचाना होगाः मोदी

**'त' से तलवार पढ़ाना छोड़ा तो इससे वीरता और शारीरिक सामर्थ्य को चोट पहुंची**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*देश को फिट रखने के लिए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरूआत की। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत को फिट बनाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि अगर बॉडी फिट है तो माइंड हिट है। फिट इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से सरकार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहती है। यह अभियान लगभग चार साल तक चलेगा, जिसमे फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर हर साल अलग-अलग मुद्दों पर अभियान चलाया जाएगा।*

वीरता और फिटनेस को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 'फिट इंडिया आंदोलन' का शुभारंभ किया लेकिन कहा कि इसे सरकारी नहीं बल्कि जन आंदोलन बनाकर देश के कोने-कोने में पहुंचाना होगा। महान हाकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन, राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर इंदिरा गांधी स्टेडियम में भारत की सांस्कृतिक विरासत में फिटनेस के महत्व की बानगी पेश करते रंगारंग कार्यक्रम के बीच मोदी ने कहा कि आज का दिन युवा खिलाड़ियों को बधाई देने का दिन है जो दुनिया के मंच पर तिरंगे का परचम लहरा रहे हैं लेकिन फिट इंडिया का विस्तार खेलों से आगे तक होना चाहिये।

उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को मिलने वाले पदक उनकी तपस्या के परिचायक तो हैं ही, लेकिन यह नये भारत के नये जोश और नये आत्मविश्वास का भी पैमाना है। पिछले पांच साल में खेलों के लिये जो बेहतर माहौल बना है, उसका फायदा अब मिल रहा है। मोदी ने फिटनेस को भारतीय संस्कृति का हिस्सा बताते हुए कहा कि हमारे पूर्वज 'त' से तलवार पढ़ते थे और सीमित सोच वाले लोगों के कारण परंपराओं से हम इस तरह अलग हो गए कि लगने लगा कि 'त' से तलवार पढाने से बच्चों की मनोवृत्ति हिंसक हो जायेगी। इसलिये 'त' से तरबूज हो गया। इससे वीरता, शारीरिक सामर्थ्य और फिटनेस को चोट पहुंची। उन्होंने कहा कि फिटनेस परिवार , समाज और देश की सफलता का मानक होना चाहिये।

### पीएम ने दिया नारा- मैं फिट तो इंडिया फिट



### फिटनेस पूरे परिवार का मूवमेंट होना चाहिए

पीएम मोदी ने कहा है कि आज हमारी जीवनशैली की वजह से बीमारियां बढ़ रही हैं। डायबटीज बच्चों को भी हो रही है। फिटनेस शब्द नहीं बल्कि जीवन की शर्त है। फिटनेस पूरे परिवार का मूवमेंट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े देश फिटनेस के लिए मूवमेंट चला रहे हैं। हमारे पड़ोसी देश चीन ने 2030 तक लोगों को फिट रखने का लक्ष्य रखा है।

### हम खाना खाकर डायटिंग की चर्चा करते हैं

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि निरोगी होना परम भाग्य है। स्वास्थ्य से सभी कार्य सिद्ध होते हैं। खेल का सीधा नाता हमारी सेहत से है। समय के साथ फिटनेस को लेकर उदासीनता आई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए सामुहिक प्रयास बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि फेटनेस हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। आज हम चलने से ज्यादा अपने कदम गिनते हैं। हम मोबाईल में एप डाउनलोड कर लेते हैं, लेकिन बाद में भूल जाते हैं। आज फिटनेस की बात करना फैशन स्टेटमेंट बन गया है।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहती है सरकार

बता दें कि फिट इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से सरकार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहती है। गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर इस कार्यक्रम को लांच किया गया है। यह अभियान लगभग चार साल तक चलेगा, जिसमे फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर हर साल अलग-अलग मुद्दों पर अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए 33 वरिष्ठ नागरिक पूर्व खिलाड़ियों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। इसमें 101 साल की पूर्व महिला खिलाड़ी भी हैं। आयोजन में अर्जुन अवार्ड विजेता खिलाड़ी भी मौजूद रहे।

## भारत ने गैर-जिम्मेदाराना बयानों पर जताई नाराजगी

# कहा- आतंकी मंसूबों से बाज आए पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ पाक द्वारा यूएनएचआरसी को लिखे पत्र को भारत महत्व नहीं देना चाहता

विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारत के अंदरूनी मामलों के बारे में पाक नेतृत्व के अति गैर-जिम्मेदाराना बयानों की कड़ी निंदा करता है, साथ ही उम्मीद करता है कि पाकिस्तान, भारत में हिंसा उकसाना, आतंकवाद फैलाना और घुसपैठ कराना बंद करके 'सामान्य पड़ोसी' जैसी व्यवहार करेगा। ऐसे भड़काऊ बयान आ रहे हैं जिसमें भारत में हिंसा को उकसाना और जिहाद का आह्वान करना शामिल है। जम्मू कश्मीर को लेकर पाकिस्तान से आने वाले बयानों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से 40-50 बयान आ गए है। ये ऐसे बयान हैं जो बेहद गैर जिम्मेदाराना हैं। इनका मकसद क्षेत्र में गंभीर स्थिति का माहौल पेश करना है। कुमार ने कहा कि वे पाकिस्तानी नेतृत्व मामले को तुल देना चाहते हैं ताकि दुनिया को लगे कि कुछ हो रहा है। लेकिन वास्तव में स्थिति अलग है, ऐसा कुछ हो ही नहीं रहा है।

### भारत के लिए हवाईक्षेत्र बंद करने पर अभी नहीं हुआ फैसलाः कुरैशी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा है कि भारत के लिए हवाईक्षेत्र बंद करने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि कोई भी फैसला सभी पहलुओं पर विचारविमर्श के बाद लिया जाएगा। कुरैशी ने अंग्रेजी अखबार डॉन की रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें भारत के लिए हवाईक्षेत्र बंद करने के कयास लगाए गए थे।

### श्रीनगर में तारिगामी से मिले येचुरी



उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने बृहस्पतिवार को यहां अपने बीमार कॉमरेड मोहम्मद युसूफ तारिगामी से भेंट की। तारिगामी पांच अगस्त से हिरासत में हैं। येचुरी दोपहर को यहां पहुंचे। उन्हें पुलिस तारिगामी से मिलाने के लिए श्रीनगर में सिविल लाइंस इलाके में गुपकर रोड पर उनके निवास पर लेकर गयी। अधिकारियों ने बताया कि माकपा महासचिव तारिगामी के साथ करीब तीन घंटे तक रहे। येचुरी नौ अगस्त को भी श्रीनगर पहुंचे थे लेकिन राज्य प्रशासन ने उन्हें हवाईअड्डे से ही लौटा दिया था। उससे चार दिन पहले ही केंद्र ने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने की घोषणा की थी।

## अयोध्या मामलाः हिंदू पक्ष ने पूर्व फैसले का दिया हवाला

# 'मुस्लिम पक्ष साबित नहीं कर पाए कि मस्जिद बाबर ने बनवाई'



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसले में कहा था कि ये साबित नहीं हो पाया है कि विवादित जमीन पर मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण बाबर ने कराया था या औरंगजेब ने?

**नई दिल्ली।** अयोध्या भूमि विवाद मामले में गुरुवार को राम जन्मभूमि पुनरुद्धार समिति के वकील पीएन मिश्रा ने पांच सदस्यीय बेंच के सामने दलीलें पेश कीं। उन्होंने किताबों को सबूत के तौर पर स्वीकार करने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले का जिक्र किया। मिश्रा ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि ये साबित नहीं हो पाया है कि विवादित जमीन पर मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण बाबर ने कराया था या औरंगजेब ने? समिति के वकील ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक, एक जज ने लिखा था कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है कि ढांचे का निर्माण बाबर ने कराया था। जबकि दूसरे जज ने कहा था कि इसे औरंगजेब ने बनवाया था। लेकिन मुस्लिम पक्षकार साबित नहीं कर पाए कि मस्जिद का निर्माण बाबर ने करवाया था। ऐसे में मेरा कहना है कि जब कोई सबूत ही नहीं है तो मुस्लिम पक्षकार को विवादित जमीन पर कब्जा या हिस्सेदारी नहीं दी जा सकती।

## आईएनएक्स मीडिया धन शोधन मामला

# चिदंबरम की अपील पर कोर्ट पांच को सुनाएगा फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि आईएनएक्स मीडिया धन शोधन मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अपील पर पांच सितंबर को फैसला सुनाया जायेगा। चिदंबरम ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के 20 अगस्त के फैसले को चुनौती दे रखी है। न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने आईएनएक्स मीडिया धन शोधन मामले में चिदंबरम को गिरफ्तारी से मिले संरक्षण की अवधि भी पांच सितंबर तक बढ़ा दी है। इस बीच, पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय को वे दस्तावेज और सामग्री सीलबंद लिफाफे में पेश करने का निर्देश दिया है जिसे वह इस मामले में न्यायालय के अवलोकन के लिये देना चाहता था।

### गिरफ्तारी पर इंद्राणी ने कहाः अच्छी खबर है

**मुंबई।** शीना बोरा हत्याकांड में मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामले में पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की गिरफ्तारी 'अच्छी खबर' है। चिदंबरम को वित्त मंत्री के तौर पर आईएनएक्स मीडिया समूह को 305 करोड़ रुपए की मंजूरी देने में कथित भ्रष्टाचार को लेकर 21 अगस्त को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है।

## खेल दिवस पर खिलाड़ियों का सम्मान



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने खिलाड़ियों को खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस मौके पर दीपा मलिक को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया। रेसलर पुजा समेत 19 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। बजरंग पूनिया विदेश में होने की वजह से खेल रत्न पुरस्कार लेने के लिए मौजूद नहीं थे।

### *नारद स्टिंग केसः सीबीआई ने टीएमसी के 3 सांसदों पर कसेगा शिकंजा, लोस स्पीकर से मांगी इजाजत*



**नई दिल्ली।** नारद स्टिंग ऑपरेशन केस के सिलसिले में टीएमसी के 3 मौजूदा सांसदों और एक पूर्व सांसद पर सीबीआई का शिकंजा कस सकता है। एक न्यूज एजेंसी के हवाले से बताया है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से टीएमसी के 3 मौजूदा सांसदों और एक पूर्व सांसद के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने की गुजारिश की है। वे हैं- सौगत रॉय, प्रसून बनर्जी और काकोली घोष दस्तीदार। इसके अलावा टीएमसी के पूर्व सांसद सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ भी मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी गई है।

### करतारपुरः पाक एक सितंबर से वीजा प्रक्रिया शुरू करेगा

**लाहौर।** पाकिस्तान गुरु नानकदेव की 550वीं जयंती पर सिख श्रद्धालुओं के लिए वीजा प्रक्रिया 1 सितम्बर से शुरू करेगा। यह प्रक्रिया 30 सितंबर तक चलेगी। पाक की तरफ से कहा गया है कि करतारपुर कॉरिडोर प्रोजेक्ट इसी साल नवंबर में पूरा कर लिया जाएगा। गुरु नानक जयंती के लिए कार्यक्रम नवंबर से ही शुरू होना है।

## इसरो की स्पेस क्विज की विजेता

### छग की छात्रा पीएम के साथ देखेगी चंद्रयान की लैंडिंग



**महासमुंद।** इसरो के स्पेस क्विज में विजेता रही स्थानीय केंद्रीय वद्यािलय की छात्रा श्रीजल चंद्राकर पीएम मोदी के साथ आगामी 7 सितंबर को बेंगलूरू में चंद्रयान-2 की चांद पर लैंडिंग का लाइव नजारा देखेगी। वह इसरों में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधत्वि भी करेगी राज्य स्तरीय क्वीज में सबसे ज्यादा प्रश्नों का जवाब देकर श्रीजल को यह मौका मिला है। दरअसल, इसरो द्वारा चंद्रयान-2 का 22 जुलाई को सफल प्रक्षेपण किया गया।

## वित्त वर्ष 2018-19 में 146.59 फीसदी बढ़कर 1.93 लाख करोड़ रुपये हुई

# आरबीआई की आय में हुई बंपर बढ़ोतरी

■ आरबीआई की एक रिपोर्ट में दी गई जानकारी

■ केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट 13 .42 फीसदी बढ़कर 41.03 लाख करोड़ रुपये की हो गई

■ ब्याज से होने वाली आय में भी बढ़ोत्तरी देखी गई



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2018-19 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट गुरुवार को जारी की। वित्त वर्ष 2018-19 में आरबीआई की आय में बंपर बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में आरबीई की आय 146.59 फीसदी बढ़कर 1.93 लाख करोड़ रुपये हो गई। वहीं इस दौरान केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट 13.42 फीसदी बढ़कर 41.03 लाख करोड़ रुपये की हो गई। वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार आरबीआई की ब्याज से आय 44.62 फीसदी बढ़कर 1.06 लाख करोड़ रुपये हो गई और अन्य आय 30 जून, 2019 को बढ़कर 86,199 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 4,410 करोड़ रुपये थी। आरबीआई ने कहा कि, सरकारी प्रतिभूतियों में आरबीआई की होल्डिंग 57.19 फीसदी बढ़ी और 30 जून, 2019 को यह 6.29 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 9.86 लाख करोड़ रुपये हो गई। यह बढ़ोतरी सरकारी प्रतिभूतियों की शुद्ध खरीद के माध्यम से 3.31 लाख करोड़ रुपये के लिक्विडिटी मैनेजमेंट ऑपरेशंस के कारण हुई थी। हालांकि निकट भविष्य की अर्थव्यवस्था को लेकर रिजर्व बैंक का पूर्वानुमान सकारात्मक नहीं है। उसने कहा कि दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करने वाले बुरे कारकों से भारतीय अर्थव्यवस्था सुरक्षित नहीं है। हालांकि आरबीआई ने कहा है कि भारत के मैक्रो अर्थशास्त्र की आर्थिक स्थिरता उम्मीद की किरण है।

### घरेलू मांग घटने से आर्थिक गतिविधियां सुस्त पड़ी

रिपोर्ट में कहा गया कि घरेलू मांग घटने से आर्थिक गतिविधियां सुस्त पड़ी हैं। इसलिए इस रिपोर्ट में निजी निवेश बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। आरबीआई ने कहा है कि वैश्विक कारकों के बुरे प्रभावों को कम करने के लिए संवेदनशीलता की जरूरत है। ऐसे में खपत और प्राइवेट निवेश को बढ़ाना हमारी प्राथमिकता होगी। आरबीआई ने कहा है कि उभरते बाजारों की ग्रोथ कम करने वाले बुरे कारक वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक हैं। आगे कुछ दिनों में आर्थिक परिदृश्य में कई सारी अनिश्चितताएं दिख रही हैं। भारत के लिए भी अगले कुछ दिनों के आर्थिक परिदृश्य पर कई सारी अनिश्चितताएं देखी जा सकती हैं। यह गिरावट कई सारे बिंदुओं पर 2018-19 की ग्रोथ को प्रभावित करेगी। औसत मांग पहले के अपेक्षित स्तर के मुकाबले और ज्यादा कमजोर हुई है।

## जज ने अपने आदेश में लिखा

# भ्रष्ट जजों को संरक्षण देता है पटना हाईकोर्ट प्रशासन



■ इस आदेश को एक दिन बाद 11 जजों की फुल बेंच ने सस्पेंड कर दिया

**बिहार।** पटना हाईकोर्ट के सीनियर जज जस्टिस राकेश कुमार देश के न्यायिक इतिहास का अनोखा फैसला दिया है। जस्टिस कुमार ने अपने ताजा आदेश में हाईकोर्ट जजों के संरक्षण में ही भ्रष्टाचार होने की बात कही। बुधवार को पूर्व आईएएस अधिकारी केपी रमैया के मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस कुमार ने अपने फैसले में लिखा कि लगता है हाईकोर्ट प्रशासन ही भ्रष्ट न्यायिक अधिकारियों को संरक्षण देता है। हालांकि उनके इस आदेश को एक दिन बाद 11 जजों की फुल बेंच ने सस्पेंड कर दिया। चीफ जस्टिस एपी शाही की 11 सदस्यीय बेंच ने कहा कि इस आदेश से न्यायपालिका की गरिमा और प्रतिष्ठा गिरी है। संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति से ऐसी अपेक्षा नहीं होती है।

## भारतीय सेना का लॉगो लगाकर करते थे शराब की तस्करी



■ तीन दिनों में चार जगहों पर छापेमारी कर दबोचे छह तस्कर

नई दिल्ली। भारतीय सेना का लोगो लगाकर शराब की तस्करी का नया खुलासा एक्साइज विभाग की टीम ने किया है। टीम ने तीन दिनों में चार जगहों पर छापेमारी कर आधा दर्जन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों के नाम करण, राजकुमार, सतबीर सिंह, राजकुमार गिरी, पवन, शक्ति बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से चार वाहन और करीब 4500 से अधिक शराब के क्वार्टर बरामद किए है। एक्साइज विभाग के एसीपी आलोक कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि साउथ वेस्ट दिल्ली के वसंत कुंज साउथ और नार्थ, द्वारका के उत्तम नगर, वेस्ट दिल्ली के ख्याला में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। एसआई संजय शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने पिछले तीन दिन में चार जगहों पर लगातार छापेमारी की और छह लोगों को गिरफ्तार किया। उत्तम नगर इलाके से पकड़े गए सतबीर सिंह ने पूछताछ में बताया पुलिस से बचने के लिए उन्होंने होडा सिटी कार पर सेना का लोगो लगाया हुआ था। वसंत कुंज की ताराचंद कॉलोनी के एक मकान में छापा मारकर वहां से दो लोगों को दबोचा। वहीं ख्याला इलाके के रघुवीर नगर में एक सेंट्रो कार से एक शख्स को पकड़ा फिलहाल पुलिस सभी तस्करों से पूछताछ कर रही है।

# राजधानी में क्राइम की मार हत्याएं हो रही लगातार

## चार घंटे के भीतर साउथ दिल्ली में तीन मर्डर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ दिल्ली में चार घंटे के भीतर अलग-अलग जगहों पर तीन लोगों की हत्या कर दी गई। कोटला मुबारकपुर इलाके में एक युवक की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि आरोपी के ऊपर चोरी का शक जाहिर किया गया था। यह घटना नशा मुक्ति केंद्र परिसर में हुई। दूसरी वारदात संगम विहार के तिगड़ी इलाके में हुई जहां एक युवक पर आठ बार चाकू से वार किए गए और दो गोली भी मारी गई। इस वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उनकी पहचान का दावा किया है। तीसरी वारदात बदरपुर इलाके में हुई जहां एक युवक को गोली मारी गई थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस तीनों वारदात में शामिल आरोपियों की तलाश में है। जानिए कब और कैसे हुई तीनों हत्याएं।

### पहली वारदात, कोटला मुबारकपुर

*एडिशनल डीसीपी परमिंदर सिंह के अनुसार मनोज (32) अपने परिवार के साथ अलीगंज, कोटला मुबारकपुर इलाके के 190 नंबर मकान में रहता था। पिता का नाम वेदराम बताया जाता है। मनोज शादीशुदा था और सफदरजंग अस्पताल में ड्राइवर के तौर पर कार्यरत था। बुधवार रात 8 बजकर 19 मिनट पर पीसीआर कॉल मिली थी। कोटला मुबारकपुर थाने की पुलिस बापू पार्क स्थित नशामुक्ति केंद्र पहुंची जहां पता चला कि साढ़े सात बजे मनोज नामक एक व्यक्ति को चाकू मारा गया था। उसके परिजन गंभीर हालत में उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर ले गये हैं। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा सोनू ने पुलिस को बताया कि उनका पानी का मोटर चोरी हो गया था। यह बात उन्होंने भतीजे मनोज को बताई थी। इस पर दिन के समय साहिर उर्फ शाहीन से उसके भतीजे का विवाद हुआ था। दिन में लोगों ने झगड़ा शांत करवा दिया था। लेकिन शाम को साहिर दोबारा केंद्र में आया और मनोज को कई चाकू मारे। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस जांच में पता चला कि साहिर नशे का आदि है और अक्सर केंद्र में दवाई लेने आता था और वहीं पर सोता था। मनोज भी अक्सर वहां जाता था। इसी दौरान दोनों की जान पहचान हुई थी। आरोपी युवक हजरत निजामुद्दीन इलाके का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने मोटर चोरी की थी या नहीं यह उसकी गिरफ्तारी के बाद साफ हो पाएगा। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में जुटी है। उधर इस वारदात के बाद इलाके के लोगों में गुस्सा है। उनका कहना है कि रिहायशी इलाके में नशा मुक्ति केंद्र होने की वजह से यहां अक्सर वारदातें होती रहती हैं। केंद्र को हटाए जाने की स्थानीय निवासी लगातार मांग उठाते रहे हैं, लेकिन इसे शिफ्ट नहीं किया गया। अक्सर नशेडी लोग केंद्र के सामने से गुजरने वाली महिलाओं को देख छींटाकसी भी करते हैं।*

### दूसरी वारदात, संगम विहार का तिगड़ी क्षेत्र

*संगम विहार इलाके के तिगड़ी में बुधवार रात 11 बजकर 10 मिनट पर पीसीआर को कॉल मिली कि एक युवक को गोली मारी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची जहां पता चला कि घायल को परिवार के 5लोग बत्रा अस्पताल ले गये है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जेजे कैम्प डी- 266 निवासी रोहित (24) को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शरीर पर आठ चाकू व दो गोली के निशान मिले हैं। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पाया मृतक रोहित का आकाश, उसके भाई अनू, कपिल व अन्य लोगों से झगड़ा हुआ था। पुलिस की कई टीमें उनकी तलाश में लगी हैं। पुलिस ने उम्मीद जतायी है कि जल्द ही कातिल गिरफ्त में होंगे। शरुआती जांच में इस वारदात के पीछे आपसी रंजिश की बात सामने आई है। मृतक और आरोपियों के बीच पुरानी दुश्मनी चल रही थी।*

### तीसरी वारदात, बदरपुर में हुई

*बदरपुर में बुधवार रात करीब 10 बजे अविनाश (26) नामक युवक को गोली मारी गई थी। अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवक के कंधे में गोली लगी थी। ज्यादा खून बहने से मौत हो गई। अविनाश अपने परिवार के साथ बदरपुर इलाके में रहता था और कोई छोटा-मोटा काम करता था। बुधवार रात को वह अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान उसके गोली मारी गई। आशंका है कि लूटपाट का विरोध करने पर उसे गोली मारी गई थी। पुलिस ने इस मामले में अभी किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भेजा गया है। डीसीपी चिन्मय बिश्वाल का कहना है कि वारदात के मुख्य कारणों का पता आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही चल पाएगा।*



नई दिल्ली। गुरुवार को मयूर विहार फेस 1 में आगामी गणेश चतुर्थी उत्सव के लिए भगवान गणेश की प्रतिमा को अंतिम रूप देती कलाकार।

## कुलदीप बिश्नोई के निजी सचिव ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

### बरामद सुसाइड नोट में अकेलेपन को बताया आत्महत्या की वजह, पत्नी दो साल से हैदराबाद में रह रही है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के कांग्रेसी विधायक कुलदीप बिश्नोई के निजी सचिव सुकुमार (43) ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने यह कदम सनलाइट कॉलोनी इलाके के हरिनगर स्थित उनके घर पर उठाया। मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें मौत के पीछे की वजह अकेलापन बताया गया है। उनकी पत्नी दो साल से अलग हैदराबाद में रह रही थी। शुरूआती जांच में पुलिस इस घटना को खुदकुशी मानकर चल रही हो, वहीं जांच का एक बिंदु साजिश के ऊपर भी केंद्रित है। पुलिस ने मौके से मिले नोट को हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास भेजने की बात कहीं है। पुलिस ने बताया सुकुमार 56 ए हरिनगर सनलाइट कॉलोनी क्षेत्र में



अकेले रहते थे। वह कांग्रेसी विधायक कुलदीप बिश्नोई के साथ एक दशक से ज्यादा वक्त से जुड़ा हुआ था। मूलरूप से हैदराबाद के रहने वाले सुकुमार वर्तमान में बिश्नोई के पीए का कामकाज देख रहे थे। 26 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि एम्स ट्रॉमा सेंटर में एक शख्स को अचेत हालत में भर्ती करवाया गया है। उसने कोई जहरीला पदार्थ (कीटनाशक दवा) खा ली है। यह पता चलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन वहां गंभीर हालत के कारण बयान नहीं लिए जा सके। 27 अगस्त को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का एम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद बॉडी परिजनों के हवाले कर दी।

जांच के दौरान पुलिस ने पाया यहां सुकुमार अकेला रहता था। उसकी पत्नी दो साल से अलग हैदराबाद में रह रही है। बेटा सोनीपत में पढ़ाई करता है। बरामद नोट में लिखा है कि वह पत्नी से दूरियां बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। उसने पत्नी को घर लाने की तमाम कोशिश की लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका। पुलिस का कहना है कि एक पड़ोसी ने उन्हें घर में अचेत हालत में पड़े देखा था, जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया था। बुधवार को निजामुदीन शमसान घाट पर परिवार ने उसका अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार के वक्त विधायक कुलदीप बिश्नोई भी मौजूद थे। अभी तक की जांच में जो बातें सामने आई है उससे मौत खुदकुशी लग रही है। सुकुमार को कुलदीप का बेहद करीबी माना जाता था। गौरतलब है कुलदीप बिश्नोई हरियाणा के बड़े नेता हैं। वे हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के सुपुत्र हैं। पिछले दिनों ही आयकर विभाग ने कुलदीप बिश्नोई के खिलाफ बड़ी कारवाई की और गुड़गांव में डेढ़ सौ करोड़ कीमत के होटल को बेनामी संपति के तहत जब्त किया था। इसके बाद अचानक से विधायक के पीए सुकुमार की मौत की खबर आ गई, जिसके बाद उनकी मौत को लेकर तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं।

## गिरफ्तारी के बाद 12 घंटे में पुलिस कस्टडी से हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ स्नैचिंग मामले में पुलिस ने किया था आरोपी को गिरफ्तार

समयपुर बादली थाने में से एक आरोपी महज 12 घंटे में पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। फरार आरोपी का नाम रोहित उर्फ गलवा है। पुलिस की माने तो फरार हुए आरोपी पर स्नैचिंग का मामला दर्ज था। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को पहले ही पकड़ा हुआ है। इसी मामले में पुलिस ने गत 25 अगस्त को रोहित को दबोचा था, लेकिन वह पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। डीसीपी (आउटर नॉर्थ) गौरव शर्मा ने मामले की पुष्टी की है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, 17 अगस्त को समयपुर बादली इलाके में एक अस्पताल के पास स्नैचिंग की हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक नाबालिग को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि स्नैचिंग में उसके साथ रोहित भी शामिल था। पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी को गत 25 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। आगले दिन आरोपी सुबह 10:30 बजे थाने से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## दिल्ली मेट्रो में यात्री और भारी बैग ले जा सकेंगे

### वजन ले जाने की सीमा 15 किलोग्राम से बढ़ाकर 25 किलोग्राम की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो में अब यात्री और भारी सामान ले जा सकेंगे क्योंकि अब अधिकतम वजन ले जाने की सीमा 15 किलोग्राम से बढ़ाकर 25 किलोग्राम कर दी गई है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से 27 अगस्त को अधिसूचित नियम के मुताबिक मेट्रो ट्रेन में यात्रियों को 25 किलोग्राम वजन तक का केवल एक बैग ले जाने की अनुमति होगी, लेकिन यह गठरी नहीं होनी चाहिए। सरकार ने इसके लिए मेट्रो रेलवे (भाड़ा और टिकट) नियमावली-2014 में बदलाव किया है। अधिसूचना के मुताबिक कि मेट्रो रेलवे प्रशासन की मंजूरी के बिना कोई भी व्यक्ति मेट्रो ट्रेन में यात्रा के दौरान एक से अधिक बैग नहीं ले जा सकता। इस बैग का आकार 80 सेंटीमीटर गुना 50 सेंटीमीटर गुना 30 सेंटीमीटर के आकार और 25 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए।



हवाई अड्डों को जोड़ने वाली मेट्रो ट्रेन में मंत्रालय ने अधिकतम 32 किलोग्राम वजन ले जाने की अनुमति दी है। एयरपोर्ट मेट्रो ट्रेन में भी गठरी के रूप में सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अधिसूचना में कहा गया कि मेट्रो रेलवे प्रशासन की मंजूरी के बिना कोई भी व्यक्ति हवाई अड्डों को जोड़ने वाली मेट्रो ट्रेन में यात्रा के दौरान एक से अधिक बैग नहीं ले जा सकता। इस बैग का आकार 90 सेंटीमीटर गुना 75 सेंटीमीटर गुना 45 सेंटीमीटर के आकार और 32 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए।

### मेट्रो ने किया यात्रियों को परेशान

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन समयपुर,जहांगीरपुरी-हुडडा सिटी सेंटर लाइन पर गुरूवार को तकनीकी खराबी ने परिचालन को बुरी तरह प्रभावित किया। सुबह का अति व्यस्थ समय होने के चलते इस खराबी ने जहां इस लाइन को रोक दिया वहीं इसका असर अन्य लाइनों पर भी देखने को मिला। यात्रियों की भारी भीड़ स्टेशनों पर लग गई। सुबह करीब 6.40 पर आई सिग्नलिंग की खराबी की वजह से यात्रियों को पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर उतार दिया गया। खराबी के चलते डीएमआरसी ने राजीव चौक से हुडडा सिटी सेंटर के बीच मेट्रो सेवा बंद कर दी। यात्रियों को अपने अपने गंतव्य तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि सुबह करीब 6.40 बजे अचानक सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी आने से सेवा प्रभावित हुई। इस खराबी को 8.09 बजे दूर कर कर लिया गया जिसके बाद सेवा सामान्य रूप से चलती रही।

## स्पेशल स्टाफ के हत्थे चढ़ा स्नैचर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आउटर नॉर्थ जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने एक स्नैचर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सौरभ उर्फ छोटू (26) है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटे गए दो फोन व एक बाइक बरामद किया हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। डीसीपी (आउटर नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि इलाके में लगातार हो रहे स्ट्रीट क्राइम को रोकने के लिए एक अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत बुधवार को स्पेशल स्टाफ की टीम ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी सौरभ उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके पास से लूटे गए मोबाइल फोन व एक बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## चाइनीज मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल, लगे 18 टांके

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मांझे ने हेलमेट तक काट दिया

न्यू उस्मानपुर थाना इलाके में बाइक सवार एक युवक चाइनीज मांझे की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को खून से लथपथ हालत में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। घायल युवक का नाम विकास गुप्ता (20) है। उसको 18 टांके लगे है। हादसे के दौरान युवक अपने काम पर से बाइक पर घर लौट रहा था। बता दे कि जन्माष्टमी पर खजूरी खास इलाके में अपने पिता के साथ बाइक पर मंदिर देखने जा रही चार वर्षीय इशिका की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक, विकास गुप्ता, सभापुर गांव, सोनिया विहार में सपरिवार रहता है। परिवार में पिता व अन्य सदस्य है। वह गांधी नगर की एक सीए फर्म में काम करता है। बुधवार शाम करीब सात बजे वह ड्यूटी से बाइक पर घर लौट रहा था। जैसे ही वह पुश्ता रोड उस्मानपुर पर पहुंचा, तभी उसके हेलमेट पर चाइनीज मांझा आकर फंस गया और उसकी आंख के ऊपर काटता चला गया। विकास ने किसी तरह बाइक की स्पीड धीमी की और बाइक साइड में लगाई। आसपास मौजूद लोगों ने विकास को पास के क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे जग प्रवेशचन्द्र अस्पताल रेफर कर दिया। विकास का कहना है कि उसके हेलमेट का शीशा खुला हुआ था, अगर शीशा बंद होता तो हो सकता है मांझा फिसल कर उसकी गर्दन पर आ जाता। मांझे ने विकास का हेलमेट तक काट दिया है।

### हाल ही में हुए हादसे

- 15 अगस्त : पश्चिम विहार में इंजीनियर मानव शर्मा की गर्दन कटने से मौत
- 11 जुलाई : बदरपुर फ्लाईओवर पर बाइक सवार चाचा भतीजी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। दीप्ती (3) की मौत
- 21 अप्रैल : निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में असिस्टेंट प्रोग्रामर रजनीश की लाल किला के पास गर्दन कटी, 36 टांके आए
- 2 अप्रैल : रवि (22) की बुराड़ी में चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से मौत

## हाईकोर्ट ने दिया जेलों में अनुबंध पर विधि अधिकारी रखने का सुझाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी की 16 जेलों में अनुबंध के आधार पर विधि अधिकारियों को नियुक्त करने का बृहस्पतिवार को सुझाव दिया। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने कहा कि समयबद्ध तरीके से राष्ट्रीय राजधानी की 16 जेलों में से हरेक में एक विधि अधिकारी नियुक्त करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका में 'अच्छा' मुद्दा उठाया गया है और दिल्ली सरकार को मामले को देखने को कहा। दिल्ली सरकार की ओग्र से पेश हुए स्थायी अधिवक्ता (आपराधिक) राहुल मेहरा ने पीठ से कहा कि कारागार के महानिदेशक से सलाह-मशविरा किया गया है और विधि अधिकारियों को नियुक्त करने की प्रक्रिया जल्दी शुरू होगी। उन्होंने हाईकोर्ट से कहा कि राज्य में 16 जेलें हैं जिनमें से तिहाड़ परिसर में नौ, रोहिणी जेल परिसर में एक और मंडोली जेल परिसर में छह जेलें हैं। वकील ने कहा कि दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के जरिए विधि अधिकारियों की नियुक्तियों में वक्त लग सकता है। इसलिए अन्य विकल्पों पर भी गौर किया जा रहा है। संक्षिप्त सुनवाई के बाद, आप सरकार ने जनहित याचिका पर जवाब दायर करने के लिए वक्त मांगा। इसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 सितंबर को मुकर्रर की। यह याचिका वकील अमित साहनी ने दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि दिल्ली कारागार अधिनियम 2000 में हर जेल में एक विधि अधिकारी का होना अनिवार्य है। बावजूद इसके फिलहाल राष्ट्रीय राजधानी की 16 जेलों में एक केवल एक विधि अधिकारी है जो तिहाड़ जेल में कारा मुख्यालय में बैठता है।

हरियाणा सरकार

TENDER NOTICE

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT / EMD IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HSVP PANCHKULA | [illegible] | CLOSING 05.09.2019 | [illegible] LACS | [illegible] | [illegible] |
| 2 | HSVP GURUGRAM | [illegible] | CLOSING 04.09.2019 | [illegible] LACS | [illegible] | [illegible] |
| 3 | HSVP KARNAL | [illegible] | CLOSING 04.09.2019 | [illegible] LACS | [illegible] | [illegible] |
| 4 | HAFED | [illegible] | [illegible] | 5 LACS | [illegible] | [illegible] |
| 5 | GMDA | [illegible] | [illegible] | [illegible] LACS | [illegible] | [illegible] |
| 6 | CDLU SIRSA | [illegible] | [illegible] | [illegible] LACS | [illegible] | [illegible] |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

PRDH -13/1920/24883200000/ 79071
DATE : 29-08-2019

## केजरीवाल कैबिनेट ने दी मुफ्त यात्रा के प्रस्ताव को मंजूरी

# 29 अक्टूबर से डीटीसी-क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में महिलाओं को भाई दूज पर्व पर डीटीसी और क्लस्टर बसों में फ्री यात्रा करने उपहार दिया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। इस योजना के तहत दिल्ली में महिलाएं 29 अक्टूबर से सभी डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। 29 अक्टूबर को ही भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व भाई दूज भी है। प्रैसवार्ता में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि डीटीसी और क्लस्टर बसों में महिला यात्रियों के लिए सिंगल जर्नी पास जारी किये जाएंगे। प्रत्येक सिंगल जर्नी पास के बदले डीटीसी को 10 रुपये रिबर्समेंट किया जाएगा। क्लस्टर बसों के लिए यही नियम लागू होगा। अगर कोई महिला इस सुविधा का लाभ नहीं लेना चाहती है तो वह टिकट खरीद सकती है। कैबिनेट ने डीटीसी को डीटीसी (फ्री एंड कन्सेशनल पासेस) रेगुलेशंस, 1985 में संशोधन करने के निर्देश दिये हैं। इस सुविधा का दुरुपयोग ना हो इसके लिए डीटीसी और डीआईएमटीएस को टिकट चेकिंग की व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिये गये हैं। गहलोत ने बताया कि डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा लेने की स्थिति में दिल्ली सरकार, स्थानीय निकायों की अधिकारियों/कर्मचारियों को यात्रा भत्ता की अनुमति नहीं होगी। विभागों, स्थानीय निकायों, स्वायत्त संस्थाओं इत्यादि को अपनी सरकारी महिला कर्मियों से अंडरटेकिंग लेना होगा कि वे मुफ्त यात्रा की सुविधा नहीं ले रही हैं। स्कीम लागू होने के बाद परिवहन विभाग, केंद्रीय वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को सूचित करेगा कि वे दिल्ली में भारत सरकार से संबंधित सभी मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों को इससे संबंधित जरूरत निर्देश जारी करें।



- महिला यात्रियों के सामान के लिए कोई अलग से टिकट नहीं होगा
- एयरपोर्ट, विशेष सेवाओं के लिए चलाई जाने वाली बसों में भी लागू
- एनसीआर में जाने वाली डीटीसी और क्लस्टर बसों में भी फ्री यात्रा

### ऐसे मिलेगी मुफ्त यात्रा सुविधा

परिवहन मंत्री ने बताया कि डीटीसी और क्लस्टर बसों में महिलाएं फ्री यात्रा के लिए कंडक्टर को बताना होगा कि वह फ्री यात्रा करना चाहती हैं। जिसके बाद कंडक्टर उन्हें सिंगल जर्नी पास देगा। अगर कोई महिला टिकट लेकर यात्रा करनी चाहती है तो वह कंडक्टर से कहकर टिकट भी ले सकती है। गहलोत ने बताया कि फ्री यात्रा को दिया जाने वाला सिग्गल पास एक ही बस में नहीं बल्कि वहीं पास सभी बसों में लागू होगा। जैसे किसी महिला ने एक रूट की बस पकड़ी और उतर गई। अब अगर उसे कहीं और जाना है तो उसे दूसरा पास लेने की जरूरत नहीं होगी वह उसी पास से आगे की यात्रा भी फ्री में कर सकेगी।

### महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा की दिशा में ये क्रांतिकारी कदम : केजरीवाल

दिल्ली में महिलाओं को डीटीसी और कलस्टर बसों में 29 अक्टूबर से फ्री यात्रा कराने की कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि फ्री यात्रा महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा की दिशा में ये एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने अपने ट्वीट में आगे कहा कि मुझे यकीन है जो लोग आज इस कदम का विरोध भी कर रहे हैं,वे भी भविष्य में देखेंगे



कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ये कदम मील का पत्थर साबित होगा। इसका सबसे ज्यादा फायदा गरीब और लोअर मिडल क्लास को होगा।

### अब विदेश में मुफ्त उच्च शिक्षा पा सकेंगे एससी छात्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रहने वाले अनुसूचित जाति के छात्र अब सरकारी खर्च से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जा सकेंगे। इसके लिए दिल्ली कैबिनेट ने गुरुवार को अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बताया कि इस प्रस्ताव के तहत परास्नातक और पीएचडी के स्तर पर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के माध्यम से विदेश में उच्च अध्ययन के लिए 100 चयनित उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए पीएचडी के लिए मास्टर डिग्री में 55 प्रतिशत अंक प्राप्त होने जरूरी हैं। वहीं मास्टर डिग्री के लिए भी 55 प्रतिशत अंक जरूरी होने हैं। इस योजना में 30 वर्ष से नीचे के छात्रों को शामिल किया जाएगा। इस योजना के लिए सभी स्रोतों से परिवार की आय 8 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। पात्रत्रा के लिए उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिए। उम्मीदवार दिल्ली का निवासी हो या उम्मीदवार कम से कम पिछले पांच वर्ष से दिल्ली में रहने का कोई दस्तावेज हो। इस योजना में अभिभावक का एक ही बच्चा पात्र होगा। पीएचडी कोर्स की पूरी अवधि के लिए 20 लाख रुपये और मास्टर डिग्री के लिए 10 लाख रुपये वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस योजना को वित्त वर्ष 2019-20 से लागू किया जाना प्रस्तावित है और बजट में योजना के तहत 5 करोड़ की आवश्यकता होगी।

- कैबिनेट ने किया एससी/एसटी विभाग का प्रस्ताव पास

## जबरन जीपीएस शुल्क वसूलने का मामला

# उपराज्यपाल से मिला भाजपा विधायकों का प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता की अगुवाई भाजपा विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल से दिल्ली सरकार की शिकायत करते हुए बताया कि एक लाख से अधिक ऑटो रिक्शा में जीपीएस जबरन लगाने के नाम पर करोड़ों का घोटाला किया है। गुप्ता ने बताया कि उन्होंने उपराज्यपाल को बताया कि केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2016 से जीपीएस चार्ज के नाम पर करोड़ों रुपये वसूले है, जबकि केन्द्र सरकार द्वारा जारी अध्यादेश के अनुसार ऑटो रिक्शा को इससे मुक्त रखा गया था। केन्द्र सरकार ने निर्भया योजना के अंतर्गत बसों इत्यादि जैसे सार्वजनिक वाहनों को जीपीएस स्थापित करने के आदेश दिये थे परंतु ऑटो रिक्शाओं तथा ई-रिक्शाओं को इससे मुक्त रखा था। बावजूद इसके केजरीवाल सरकार ने ऑटो रिक्शा चालकों से करोड़ों रुपये जीपीएस चार्ज वसूल किया है। सरकार ऑटो रिक्शा चालकों से इस कर के रूप में 1200 प्रति वर्ष वसूल करती रही। इसके अतिरिक्त सरकार ने इस राशि पर जीएसटी भी वसूल किया। जब चालको को इस घोटाले का पता चला है तो केजरीवाल ने विधान सभा चुनाव को देखते हुये जीपीएस शुल्क 600 रुपये करने की घोषणा कर दी है।

### तुरंत पैसा वापस करें केजरीवाल सरकारः गुप्ता

गुप्ता ने मांग की है कि गत तीन वर्षों में ऑटो रिक्शा चालकों से वसूला गया पूरा पैसा केजरीवाल सरकार तुरंत उन्हें वापस करें। उन्होंने पूछा कि दिल्ली सरकार का ट्रांसपोर्ट विभाग हिम्मत क्यू आर कोड क्यों लागू नहीं कर रहा है?

# धार्मिक उत्सवों पर दुरुपयोग से जलाशयों के अस्तित्व को खतरा

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



सांस्कृतिक या धार्मिक उत्सवों के दौरान किसी जलाशय के दुरुपयोग से इसके अस्तित्व के लिए खतरा उत्पन्न हो जाता है तथा इसके लिए कुछ विशिष्ट स्थल ही निर्धारित किये जाने चाहिए। एक निगरानी समिति ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण को यह बताया है। हाईकोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली इस समिति ने एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अगुवाई वाली पीठ को बताया कि प्रतिमाओं का विसर्जन या 'पूजा' सामग्री को जलाशयों में डालने से जलाशय दूषित हो जाते हैं। समिति ने एनजीटी से कहा कि हाल में, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 11 राजस्व जिलों में त्योहारी मौसम के दौरान 151 स्थलों की पहचान की है। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कृत्रिम तलाब बनाना यमुना के प्रदूषण को घटाने का एक अन्य व्यावहारिक विकल्प हो सकता है। एनजीटी को रिपोर्ट सौंपने वाली समिति की अध्यक्षता न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस पी गर्ग कर रहे हैं। इस समिति में दिल्ली जल बोर्ड, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण के प्रतिनिधि और उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) शामिल हैं।

### प्रतिमा विसर्जन के लिए कृत्रिम तलाब या खड्डु बनाने पर विचार

हाल में यमुना नियंत्रण निगरानी समिति ने राजधानी के अधिकारियों से प्रतिमा विसर्जन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम तलाब या खड्डु बनाने की संभावना पर विचार करने के लिए कहा था। यमुना प्रदूषण नियंत्रण समिति ने कहा कि यमुना नदी में प्रतिमा विसर्जन पर रोक लगाई जानी चाहिए तथा इसके स्थान पर निवासी कल्याण संघ (आरडब्ल्यूए) से जुड़ी या खाली पड़ी जमीन पर कृत्रिम तलाब बनाये जाने चाहिए। एनजीटी ने इससे पहले 2015 में प्लास्टर आफ पेरिस या प्लास्टिक से बनी प्रतिमाओं के यमुना नदी में विसर्जन पर रोक लगाने के आदेश दिए थे।

### सरकार की नाकामियों की पोल खोलेंगे : तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार को बदलने के लिए दिल्ली के सभी 14 जिलों की 70 विधानसभा में परिवर्तन यात्रा जायेगी और दिल्ली के लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही केजरीवाल सरकार की नाकामियों की पोल खोलेंगे। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने उक्त बातें गुरूवार को रामलीला मैदान, भलस्वा डेरी पर दिल्ली बचाओ परिवर्तन यात्रा का आयोजन के दौरान कहीं। उत्तरी पश्चिमी दिल्ली से सांसद हंसराज हंस, जिला अध्यक्ष नीलदमन खत्री, महामंत्री महेश तोमर, मीडिया प्रभारी आदि भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय निवासी उपस्थित रहें। तिवारी ने कहा कि जनता ने बीते साढ़े चार वर्ष में केजरीवाल सरकार जो वादे सरकार ने किये थे, उनमें से एक भी वादे को पूरा न करके जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाने का काम किया।

# दिल्ली प्रभारी का पद छोड़ने की इच्छा से सोनिया गांधी को अवगत कराया: चाको

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी पीसी चाको ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने पद छोड़ने की इच्छा से कांग्रेस नेतृत्व को अवगत करा दिया है। चाको ने उन खबरों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि उन्होंने सोनिया से लिखित रूप से आग्रह किया कि है कि उन्हें पदमुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मैंने गत मंगलवार को सोनिया जी से मुलाकात के दौरान उनको अपनी इच्छा से अवगत कराया है कि मुझे प्रभारी की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए। मैंने इस बारे में उन्हें कोई पत्र नहीं लिखा है। चाको ने कहा कि अगर मुझे इस जिम्मेदारी से मुक्त किया जाता है तो खुशी होगी।



### साढ़े चार वर्षों से संभाल रहे हैं प्रभारी की जिम्मेदारी

पिछले साढ़े चार वर्षों से दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे चाको ने कहा कि अब दिल्ली कांग्रेस के नए अध्यक्ष के साथ किसी अन्य नेता को प्रभारी की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। चाको ने कहा कि वह केरल की राजनीति में वापस नहीं जाना चाहते और पार्टी के भीतर किसी अन्य भूमिका में काम करना चाहते हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में हार पर चर्चा के बाद दिल्ली कांग्रेस के कुछ नेताओं ने चाको के इस्तीफे की मांग की थी। पूर्व पार्षद रोहित मनचंदा ने उनके इस्तीफे की मांग करते हुए कहा था कि पीसी चाको को नवंबर 2014 में दिल्ली प्रदेश प्रभारी बनाया गया था जिसके बाद पार्टी न सिर्फ हालिया लोकसभा चुनाव, बल्कि 2015 का दिल्ली विधानसभा का चुनाव भी हारी है और 2017 का एमसीडी चुनाव भी कांग्रेस के लिए खराब रहा।

### पतंगबाजी की वजह से पक्षियों के मांझे में फंसने की घटनाएं बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली में पतंगबाजी की वजह से पक्षियों के मांझे में फंसने की घटनाएं बढ़ी हैं। इस महीने दिल्ली अग्निशमन सेवा को मांझे में फंसे पक्षियों को बचाने के लिए रोजाना करीब 25 फोन कॉल आए। अधिकारियों ने बताया कि एक अगस्त से 28 अगस्त के बीच विभाग को पक्षियों को बचाने के लिए 717 कॉल आए हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक (डीएफएस) विपिन के कैंतल के मुताबिक, सबसे ज्यादा कॉल पुरानी दिल्ली इलाके से आईं। उन्होंने कहा कि पुरानी दिल्ली में पतंगबाजी काफी लोकप्रिय है। जब पक्षी बिजली की तारों या पेड़ों पर बैठते हैं तो वे मांझे में फंस जाते हैं। कैंतल ने कहा कि पक्षियों को बचाने के लिए उन्हें अपने विशेष वाहन का इस्तेमाल करना पड़ा जो 42 मीटर की ऊंचाई तक जा सकता है।

## बिजली बिल को लेकर दिल्लीवासियों को गुमराह कर रहे हैं केजरीवाल : माकन

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय माकन ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सीएम अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार राष्ट्रीय राजधानी में बिजली बिल की दर सबसे कम होने का दावा करके लोगों को गुमराह कर रही है। माकन ने कहा कि दिल्ली में 2018-19 के दौरान बिजली की औसत दर देश के कई राज्यों के मुकाबले अधिक है। उन्होंने कहा कि 2018-19 में दिल्ली में बिजली की औसत दर 8.45 रुपये प्रति यूनिट रही जबकि शीला दीक्षित के सीएम रहते हुए 2013-14 में 7.46 रुपये प्रति यूनिट थी। इसका मतलब कि बिजली की दर में पिछले पांच वर्षों में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में बिजली की औसत दर मध्य प्रदेश में 6.59 रुपये, पंजाब में 6.63 रुपये और राजस्थान में 7.04 रुपये रही जो दिल्ली के मुकाबले कम है।

### आरोप झूठ का पुलिंदाः सिंह

उधर, आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने माकन के दावों को खारिज करते हुए कहा कि बिजली की दर पर अजय माकन का बयान झूठ का पुलिंदा है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दे रही है और अजय माकन एक यूनिट बिजली का दाम 8.45 रुपये बता रहे हैं।

## मतदान...



डीयू के नॉर्थ कैंपस में दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) चुनाव में अपने मत प्रयोग करती टीचर।

# दक्षिणी निगमः काम में देरी होने से कई परियोजनाएं घाटे में बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

## स्थायी समिति ने पेश की ऑडिट रिपोर्ट



दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति बैठक में गुरुवार को ऑडिट रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि परियोजनाओं के नाम पर दक्षिणी निगम ने खूब पैसे लुटाए लेकिन परिणाम संतोषजनक भी नहीं हैं। कई परियोजनाओं में देरी होने के कारण अनुमानित लागत बढ़ने से दक्षिणी निगम को तो आर्थिक तौर पर हानि हुई ही, साथ ही लोगों को भी समय पर कोई फायदा नहीं हुआ। इसका खुलासा वर्ष 2016-17 की ऑडिट रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट ने निगम की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। यदि निगम ने समय से और योजना तरीके से काम किया होता तो आज आर्थिक स्थिति कुछ और होती। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार पुष्प विहार नाले पर 27 करोड़ रुपये खर्च किए गए जबकि इसका उपयोग नहीं हो रहा है। वहीं, जंगपुरा, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और कालकाजी में पार्किंग बनाने के कार्य में देरी से बजट बढ़ गया। इसके चलते 104.20 करोड़ की जगह 118.48 करोड़ का भुगतान किया गया। जबकि 100 बिस्तरों वाले पूर्णिमा सेठी मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल के नाम पर भी करोड़ों का घाटा हुआ है। इस अस्पताल के निर्माण में देरी से निगम को 32.08 करोड़ का चूना लगा। इसके निर्माण पर 20. 17 करोड़ खर्च होना था। लेकिन निर्माण की समय सीमा 10 साल आगे बढ़ने से इसकी लागत 52.25 करोड़ जा पहुंची। वहीं, बैठक में समिति अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने आलाधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वे शहरी विकास कोष का सदुपयोग करें। इस दौरान मोबाइल टॉवर्स से संपतिकर वसूलना, घरेलू उद्योग नीति आदि समस्याओं पर सत्तादल ने चर्चा की। वहीं, आम आदमी पार्टी से सदस्य नरेंद्र गिरसा ने निगम नेताओं पर दवाइयों की खरीदारी संबंधी प्रस्ताव पास करने में अपना विरोध दर्ज कराते हुए भारी घोटाले के आरोप लगाये। विपक्षी सदस्य नरेंद्र ने कहा कि केंद्रीय अनवेक्षण ब्यूरो व केंद्रीय सतर्कता आयोग को जांच के लिए साक्ष्यों सहित पत्र भेजेंगे। क्योंकि अन्य निगमों की तुलना में यहां दवाइयों की कई गुणा कीमतें रखी गई हैं।

## डीयू ईसी और एनडीटीएफ ने लिखा मनीष सिसोदिया को पत्र

# आर्थिक संकट से जूझ रहे दिल्ली सरकार के कॉलेज

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के अन्तर्गत आने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में आर्थिक संकट के निदान के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद् व नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एनडीटीएफ) के प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया से राहत की मांग की है। संगठन की ओर से इस बाबत लिखे गए पत्र में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों की रक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा गया है कि सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वो इन सभी सहभागियों के साथ किसी भी तरह के अन्याय न करें और यदि दिल्ली विश्वविद्यालय के स्तर पर किसी तरह की कोई समस्या है तो उसके लिए विश्वविद्यालय के स्तर पर समाधान का मार्ग प्रशस्त करें।



एनडीटीएफ के पूर्व अध्यक्ष व दिल्ली विश्वविद्यालय में कार्यकारी परिषद् के पूर्व सदस्य डॉ. एके भागी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमने अपने पत्र के माध्यम से उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि वो सातवें वेतन आयोग के अंतर्गत कॉलेज कर्मचारियों को मिलने वाले एचआरए की राशि को तुरंत प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करें। साथ-साथ सभी अनुदान प्राप्त कॉलेजों को निर्धारित अनुदान समय रहते जारी किया जाए जिससे कि कॉलेज में वेतन प्रदान करने के लिए आवश्यक अनुदान की कमी न रहे। इसी तरह इन कॉलेजों में शुरू किए गए नए शैक्षणिक प्रोग्राम्स के लिए आवश्यक अतिरिक्त शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए भी सरकार जल्द से जल्द मंजूरी प्रदान करें। इतना ही नहीं सरकार इन कॉलेजों में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम व आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के अन्तर्गत भी नई नियुक्तियों की दिशा में जल्द से जल्द राहत का मार्ग प्रशस्त ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। डॉ. भागी ने उपमुख्यमंत्री को बताया है कि अभी तक इस स्तर पर किसी भी कॉलेज में एक भी पद स्वीकृत नहीं किया गया है जोकि चिंता का विषय है। दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद् के सदस्य डॉ. वीएस नेगी, राजेश गोगना व पूर्व कार्यकारी परिषद् के सदस्य डॉ. एके भागी द्वारा लिखे गए इस पत्र की प्रति दिल्ली के उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री को भी प्रेषित की गई है।

### विशेष शिक्षक नियुक्त न करने को लेकर दिल्ली के 151 स्कूलों को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की एक बाल अधिकार संस्था ने शहर के 151 स्कूलों में मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए विशेष शिक्षक नहीं मिलने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा है। दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) ने अपने नोटिस में इन स्कूलों को चेतावनी दी है कि अगर वे नोटिस मिलने के छह सप्ताह के भीतर विशेष शिक्षक नियुक्त नहीं कर पाए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीसीपीसीआर ने कहा कि स्कूलों को नोटिस मिलने के 15 दिनों के भीतर यह पुष्टि करनी होगी कि उन्होंने पहले ही विशेष शिक्षक नियुक्त कर रखा है या नोटिस मिलने के छह सप्ताह के भीतर नियुक्ति कर ली जाएगी। नोटिस में कहा गया है कि अगर स्कूल दी गई अवधि में विशेष



शिक्षक नियुक्त नहीं कर पाता है तो संस्था को इसके लिए कारण बताना होगा और ऐसा ना करने पर आयोग स्कूल की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई शुरू करने के लिए बोर्ड (सीबीएसई) को सिफारिश करने के लिए बाध्य होगा। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2015 में सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को मानसिक रूप से कमजोर बच्चों समेत सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते विशेष शिक्षक नियुक्त करने के निर्देश दिए थे।

### आज से उत्तरी और सोमवार से दक्षिणी निगम में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया होगी शुरू : आयुक्त

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम में आज शुक्रवार से और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी। उत्तरी निगम की आयुक्त वर्षा जोशी ने ट्वीट कर उक्त जानकारी दी। बता दें कि दक्षिणी निगम में आयुक्त नहीं होने के चलते उत्तरी निगम की आयुक्त जोशी दक्षिणी निगम का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रही है। ट्वीटर पर एक यूजर ने आयुक्त जोशी से पूछा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम में प्राथमिक शिक्षक की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 5 सितंबर से उनके डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के पत्र भी उनको प्राप्त हो चुके हैं। बता दें कि दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) ने दिल्ली नगर निगम में प्रार्थमिक शिक्षक के पदों के लिए परीक्षाएं आयोजित की थी। जिसका परिणाम इस वर्ष मार्च माह में जारी किया गया। जिसको लेकर सफल परीक्षार्थियों में उक्त पद पर भर्ती को लेकर बैचेनी है, ताकि जल्द से जल्द वे अपनी सेवाएं दे सकें।

- पूर्वी नगर निगम में भर्ती प्रक्रिया हुई शुरू

## खबर संक्षेप

### कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित



**फरीदाबाद।** जिला सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में श्री गोपाल गौशाला सूरजकुंड रोड फरीदाबाद में पशुओं के अधिकार के संबंध में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान उनके साथ चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती मोना सिंह, प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट जुबनाइल जस्टिस बोर्ड श्रीमती पूनम कंवर भी साथ थी । जिला सत्र न्यायाधीश ने उपस्थित लोगों को बताया कि जो अधिकार इंसानों के हैं वही अधिकार पशु और जानवरों के भी हैं। पशुओं को भी कानूनी रूप से खान-पान, रहन-सहन, इलाज का पूरा अधिकार है। उनके साथ मारपीट क्रूरता कही जा सकती, ऐसा करने पर कानून जुर्माने व सजा का प्रावधान है।

### गणपति महोत्सव की तैयारी में जुटे भक्त



**फरीदाबाद।** गणेश चतुर्थी की तैयारियों के चलते एक तरफ जहां सामाजिक व धार्मिक संगठन जुट गए हैं, वहीं मूर्तिकार भी गणेश जी की मूर्तियों को खूबसूरत रूप दे रहे हैं। बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। शहर में कई क्षेत्रों में दो सितंबर को गणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। कई जगह मूर्ति स्थापना से पूर्व शोभा यात्राएं भी निकाली जाएंगी। जगह.जगह गणपति बप्पा मोरया के नाम की गूंज रहेगी। महाराष्ट्र मित्र मंडल की ओर से एक सितंबर को एनआईटी पांच नंबर ए ब्लॉक से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का कई जगह स्वागत किया जाएगा।

### बस स्टैंड से युवती अगवा



**फरीदाबाद।** नेशनल हाइवे स्थित बस स्टैंड के पास से दो युवक एक युवती का अपहरण कर ले गए हैं। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सिटी थाने में दर्ज मामले के अनुसार नेशनल हाइवे स्थित एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी 20 साल की बेटी बल्लभगढ़ स्थित एक इंस्टीटयूट में कोचिंग लेने के लिए आती है। अन्य दिनों की तरह मंगलवार सुबह भी वह बल्लभगढ़ आई थी। मगर वह शाम तक घर नहीं पहुंची। जिस पर उन्होंने बेटी की तलाश शुरू कर दी। तलाश के दौरान पता चला कि मंगलवार सुबह 9 बजे उसे बल्लभगढ़ बस स्टैंड के पास दो युवकों साथ देखा गया था।

### सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत



**फरीदाबाद।** नेशनल हाइवे स्थित कैली गांव के पास बुधवार रात को अज्ञात वाहन ने रोड पार कर रहे युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### अनाथालय से किशोरी लापता



नोएडा। शहर में थाना सेक्टर 49 में स्थित एक अनाथालय से 16 वर्षीय एक किशोरी लापता हो गई है। थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने गुरुवार को बताया कि सेक्टर 72 में स्थित उद्यान बालिका गृह में 16 वर्षीय किशोरी प्रीति रह रही थी। बुधवार को वह लापता हो गई।

### मोबाइल फोन चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 स्थित फोन की एक दुकान से चोरी हुआ लाखों का सामान बरामद करते हुए पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि सेक्टर 41 में स्थित सुबोध मोदी की मोबाइल फोन की दुकान से बुधवार को चोरों ने मोबाइल फोन, घड़ी और अन्य कीमती सामान चुरा लिया था।

---

## हैदराबाद से दिल्ली आ रही थी रेलगाड़ी

### दो बोगी जली, डीआरएम ने घटनास्थल का किया दौरा

# तेलंगाना एक्सप्रेस में आग लोगों में मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

*हैदराबाद से दिल्ली जाने वाली तेलंगाना एक्सप्रेस में आग लग गई है। आग रसोई यान के कक्ष में शार्ट सर्किट होने से बताई जा रही है, फिलहाल गाड़ी की दोनों बोगियों को अलग कर दिया गया है। किसी भी सवारी के हताहत होने की खबर नहीं है।*

हैदराबाद से दिल्ली आ रही तेलंगाना एक्सप्रेस गुरुवार सुबह आग लग गई है। आग ट्रेन के एसी कोच में लगी। इसकी चपेट में आने से पेंट्री समेत दो बोगी जल गईं। आग लगने पर सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। उस समय अधिकतर यात्री सो रहे थे। आग की सूचना से यात्री परेशान हो गए। दमकल गाड़ियों के समय पर न पहुंचने से ट्रेन के डिब्बे करीब डेढ़ घंटे तक जलते रहे। बाद में तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। उधर, सूचना मिलने पर दिल्ली डिवीजन के डीआरएम एससी जैन मौके पर पहुंच गए। करीब तीन घंटे तक अप एवं डाउन मेन लाइन पर रेल यातायात बंद रहा। करीब साढ़े दस बजे यातायात बहाल किया गया। हादसा फरीदाबाद के असावटी और बल्लभगढ़ स्टेशन के बीच सुबह 7.25 बजे हुआ। हालांकि रसोई यान में गैस सिलेंडर होने के डर से इसके फटने का खतरा बना हुआ था।

## ट्रैक पर तीन घंटे बंद रहा गाड़ियों का परिचालन

▶▶ आग लगने के समय अधिकतर यात्री सो रहे थे

▶▶ डेढ़ घंटे तक जलते रहे डिब्बे





फरीदाबाद। गुरुवार को तेलंगाना एक्सप्रेस की जलती बोगी।

**रसोईयान के डिब्बे में उठा धुआं**

गाड़ी करीब 7:20 पर पलवल स्टेशन से रन थ्रू निकली थी। ट्रेन जैसे ही असावटी स्टेशन के पास पहुंची, तो ड्यूटी पर तैनात गेटमैन विशंभर ने एक्सप्रेस के रसोईयान कक्ष के डिब्बे में धुआं उठते देखा। इसकी सूचना तुरंत चालक को दी। चालक ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। टिकट निरीक्षकों के माध्यम से ट्रेन में सो रहे यात्रियों को आग की सूचना दी गई और ट्रेन से नीचे उतरने को कहा गया। सूचना दिल्ली मुख्यालय को दी गई। वहां से सूचना फरीदाबाद एवं बल्लभगढ़ स्टेशन पैनल को दी गई थी।

### शार्ट सर्किट से आग लगी

ट्रेन में सवार टिकट निरीक्षक बीपी सिंह ने बताया कि ऐसी के वायर में शार्ट सर्किट होने से आग लगी है। सूचना मिलने पर रेलवे अधिकारी पहुंच गए। इससे पूर्व ही आग को अन्य डिब्बों में फैलने से बचाने के लिए ट्रेन को तीन हिस्सों में कर दिया गया। आग पर काबू पाने लिए ट्रेन के अंदर और प्याला ठहराव पर लगे सभी सिलेंडरों को उपयोग किया गया। पेंट्री कार से आग एस-10 बोगी तक पहुंच गई थी। आग लगने के कारण अप और डाउन की गाड़ियों को रोक दिया गया है। ट्रेन में यात्रियों के पूरी तरह बैठने के बाद आगे के लिए रवाना किया जाएगा। हालांकि रवाना करने से पहले ट्रेन की सेफ्टी का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इधर यात्री ट्रेन में आग लगने के कारण काफी परेशान और डरे हुए दिखे। सभी ने भगवान का शुक्रिया जताते हुए कहा कि आज बड़ा खतरा टल गया। घटनास्थल पर दिल्ली से रिलीफ ट्रेन के साथ रेलवे डीआरएम एसपी जैन पहुंच कर हालात का जायजा लिया।

---

## न्यूज डायरी

### शहीद वीर देव यादव को दी श्रद्धांजलि

**गुरुग्राम।** जिले के गांव नखड़ौला में बीएसएफ के उप कमांडेंट शहीद वीर देव यादव का बलिदान दिवस वीरवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने वीर शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। शहीद के अनुज सूर्यदेव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों की कुर्बानी हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगी। उन्होंने कहा कि 27 वर्ष पूर्व 29 अगस्त को नक्सलियों से आंध्र प्रदेश के नक्सल ग्रस्त इलाके में लोहा लेते हुए वीर देव यादव ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनसे जुड़े संस्मरण भी लोगों ने साझा किए। स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान व देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी।

### मुंजाल किरियु यूनियन के प्रधान बने अजीत कुमार

**गुरुग्राम।** मुंजाल किरियु श्रमिक यूनियन के सदस्यों की बैठक में संख्या में श्रमिक शामिल हुए। बैठक में कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। सदस्यों ने सर्वसम्मति से अजीत कुमार को यूनियन का प्रधान चुना। संगठन सचिव दीपक ने बताया कि कंपनी गेट पर ध्वजारोहण कर श्रमिक यूनियन का स्थापना दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। श्रमिकों को एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करने की शपथ भी दिलाई गई।

### सीवरकर्मी की दम घुटने से मौत

**गुरुग्राम।** सीवर सफाई के दौरान दम घुटने से सीवरकर्मी की मौत हो गई। मृतक के पुत्र विश्वास की शिकायत पर न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जिसे अदालत से जमानत पर छोड़ दिया गया। कृष्णा कॉलोनी निवासी अनुप ने गली में सीवर की सफाई के लिए यूपी मूल के सेक्टर-चार हुडा कॉलोनी में रहने वाले बलराज (50) को बुलाया था। गटर में जहरीली गैस है, या नहीं इसकी जांच किए बिना ही बलराज को गटर में उतार दिया। उतरते ही वह गैस की चपेट में आ गए। एक अन्य व्यक्ति ने बलराज को हाथ पकड़कर निकाला। लेकिन, तब तक गैस का असर अधिक हो गया था। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जांच अधिकारी एएसआई संजीव ने बताया कि बलराज के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुप को गिरफ्तार कर लिया।

### टोल मांगने पर महिला कर्मी को पीटा

**गुरुग्राम।** यहां दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे स्थित खेड़कीदौला टोल प्लाजा पर टोल मांगने पर एक युवक ने टोल पर तैनात महिला कर्मी को पीट डाला। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। खेड़कीदौला टोल पर दिल्ली से जयपुर की ओर जाने वाली लेन 11 पर कार सवार युवक से महिला कर्मी ने टोल मांगा। जिस पर युवक भड़क गया और महिलाकर्मी से बहस करने लगा। इसी दौरान युवक तैश में आ गया और महिलाकर्मी को पीट दिया। पूरी घटना वहां के सीसीटीवी में कैद हो चुकी थी। फिलहाल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कार का शीशा तोड़कर उड़ाए साढ़े पांच लाख

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21डी में बदमाशों ने दिल्ली निवासी कारोबारी की कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप बैग चुरा लिया। बैग में लैपटॉप के अलावा साढ़े पांच लाख रुपये भी थे। बदमाशों ने बाद में बैग में से लैपटॉप निकालकर सेक्टर-16 में फेंक दिया और रुपये लेकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली न्यू फ्रैंड्न्स कॉलोनी निवासी रितिक सचदेवा ने बताया कि फरीदाबाद में उनका बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन और अर्थमूवर मशीनों का काम है। बुधवार को उन्हें मजदूरों का भुगतान करना था। इसलिए बैंक से साढ़े पांच लाख रुपये निकाले। ये रुपये लैपटॉप वाले बैग में डालकर कार की पिछली सीट पर रख दिया। इसके बाद वे सेक्टर-21डी में अपने कार्यालय पहुंचे। यहां कार खड़ी कर दी। तभी दोस्त आ गए। रितिक दोस्तों के साथ उनकी कार में बैठकर सेक्टर-12 घूमने निकल गए। कुछ देर बाद किसी जानकार ने रितिक को लैपटॉप सेक्टर-16 में पड़े होने की सूचना दी।

---

# लोगों ने जाने फिट रहने के गुर

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर गुरुवार को खेल दिवस के मौके पर औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में भी फिट इंडिया मूवमेंट के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुक्त डॉ. जी अनुपमा ने गुरुवार को सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट के जिला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने शिरकत की।



डॉ. जी अनुपमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम की शुरुआत एक सराहनीय कदम है।

### गाजियाबाद में फिट इंडिया मूवमेंट की धूम

**गाजियाबाद।** जिले में गुरुवार का दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर फिट इंडिया मूवमेंट के नाम रहा। चारों तरफ मूवमेंट की धूम रही और लोगों ने देश व खुद को फिट रखने की शपथ ली। गुरुवार को इंडिया मूवमेंट' की शुरूआत डीएम अजय श्री पांडेय ने महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# बहुराष्ट्रीय कंपनी का प्रबंधक फंदे पर झूला

**नोएडा।** शहर में थाना सेक्टर 39 क्षेत्र में रहने वाले, बहुराष्ट्रीय कंपनी के एक प्रबंधक ने बृहस्पतिवार को तड़के अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि सेक्टर 41 में किराए पर रहने वाले शशांक सिंह ने गुरुवार सुबह अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सिंह एमबीए की पढ़ाई करने के बाद एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में प्रबंधक के पद पर नौकरी कर रहा था। उसकी हाल ही में जनवरी माह में शादी हुई थी।



उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी चार्टर्ड अकाउंटेंट है, तथा पति से अलग मुंबई में रह रही है। दोनों पति-पत्नी में विवाद चल रहा है। मलिक ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि बुधवार रात मृतक और उसकी पत्नी के बीच फोन पर काफी देर तक विवाद हुआ। आज तड़के सिंह ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

[illegible] दीपक पुत्र बलवान सिंह निवासी [illegible], थाना राई, जिला सोनीपत, हरियाणा [illegible] एफआईआर संख्या 340/09 धारा 356/379 आईपीसी के तहत थाना शालीमार बाग, दिल्ली [illegible] दीपक [illegible] एफआईआर संख्या 340/09 धारा 356/379 आईपीसी के तहत थाना शालीमार बाग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त दीपक से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष [illegible] दिनांक 23.10.2019 को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री पूजा अग्रवाल
महानगरीय दण्डाधिकारी
कमरा नं. 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9306/NW/19-
(Court Matter)


### जल एवं सीवर के 14.45 करोड़ बकाया

## प्राधिकरण ने जीआईपी मॉल का पानी-सीवर का कनेक्शन काटा



**नोएडा।** नोएडा विकास प्राधिकरण ने सेक्टर 38 ए स्थित जीआईपी मॉल का पानी तथा सीवर का कनेक्शन गुरुवार को काट दिया है। यह कार्रवाई प्राधिकरण के जल एवं सीवर विभाग द्वारा की गई है। जल विभाग के उप महाप्रबंधक बीएम पोखरियाल ने बताया कि जीआईपी मॉल के प्रबंधन पर प्राधिकरण का जल एवं सीवर शुल्क के तौर 14.45 करोड़ रुपये की रकम का बकाया है। उन्होंने बताया कि कई बार नोटिस देने के बावजूद भी मॉल के लोगों ने बिजली, पानी और सीवर का बिल जमा नहीं कराया, जिसकी वजह से आज कनेक्शन काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि जीआईपी मॉल के ऊपर विज्ञापन लगाने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा दी गई अनुमति के एवज में करीब छह करोड़ की फीस मॉल के प्रबंधन पर बकाया है। कई बार नोटिस देने के बावजूद भी मॉल की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला।

### डोंगल सप्लाई का आरोप

## भेल की पूर्व डिप्टी मैनेजर को जेल भेजा

**गाजियाबाद।** सेना को चीन में बने डोंगल सप्लाई करने के आरोप में सीबीआई द्वारा दिल्ली से गिरफ्तार भारत हैवी इलेक्ट्रानिक्स कंपनी (भेल) की पूर्व डिप्टी मैनेजर मधु शर्मा को गुरुवार को सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया। जहां जज जगदीश प्रसाद ने उसे चार सितंबर तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इससे पहले सीबीआई कोर्ट ने इस मामले के चार आरोपितों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किये थे।



सीबीआई के लोक अभियोजन अधिकारी हरिमोहन ने अदालत को बताया कि 2012-13 सेना ने भेल को पहाड़ी क्षेत्र के लिए हाईफ्रीक्वेंसी एक हजार डोंगल सप्लाई का आर्डर दिया था।

### गर्म चाय गिरने से तीन साल की बच्ची की मौत

**नोएडा।** शहर के थाना सेक्टर-49 क्षेत्र में खोड़ा कॉलोनी में रहने वाली तीन साल की एक बच्ची की गर्म चाय गिरने से मौत हो गई। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बृहस्पतिवार को बताया कि खोड़ा कॉलोनी में रहने वाली तीन वर्षीय बच्ची मानसी बुधवार की रात को अपने घर पर चाय पी रही थी। इसी बीच चाय उसके ऊपर गिर गई। मलिक ने बताया कि गर्म चाय से मानसी गंभीर रूप से जल गई।

### कर्मचारियों की हड़ताल जारी

# बाजारों में लगे गंदगी के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आह्वान पर गुरुवार को तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रही। हड़ताल के चलते शहर में गंदगी के ढेर जगह-जगह दिखाई दे रहे है। मुख्यमंत्री आगमन से यात्रा मार्ग में अधिक गंदगी बढ़ गई है।

क्योंकि कार्यकर्ताओं व जनता ने पानी के ग्लास, थर्माकोल की प्लेटें सड़क पर फेंक दी। साथ ही शहर के मुख्य बाजार, एक नंबर, दो नंबर व पांच नंबर, सराय, ओल्ड फरीदाबाद व बल्लभगढ़ के मेन बाजारों में गंदगी अम्बार लगने से सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। तीन दिवसीय हड़ताल में नगर निगम के चार हजार से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया है। म्यूनिसिपल एम्पलाईज फेड़रेशन के पदाधिकारियों रमेश जागलान, नरेश बैंसला, शाहबीर खान, रणसिंह भड़ाना ने इस हड़ताल का समर्थन किया।



### राजीव नगर मार्केट में बांटे डस्टबिन

**गुरुग्राम।** नीयत नेक हो तो काम भी नेक ही होते हैं। इसी बात को आत्मसात करते हुए बीजेपी जिला सचिव नवीन गोयल ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए बाजारों में डस्टबिन बांटने का अभियान चला रखा है। गुरुवार को उन्होंने यहां ओल्ड दिल्ली रोड स्थित राजीव नगर मार्केट में सैंकड़ों डस्टबिन बांटे। इससे पूर्व वे शहर के प्रमुख सदर बाजार में यह डस्टबिन बांट चुके हैं। गुरुवार को उन्होंने ओल्ड दिल्ली रोड पर सेक्टर-14 के सामने से अपने डस्टबिन बांटने के अभियान का शुभारंभ किया। सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नवीन गोयल ने इस काम की शुरुआत की। दुकानदारों को डस्टबिन बांटकर उन्होंने व्यक्तिगत रूप से यह आग्रह किया कि वे अपने शहर को स्वच्छता में उच्चकोटि का दर्जा दिलाने में सहयोग करें।

### 'शहर को बनाएंगे सफाई में अव्वल'

**गाजियाबाद।** महापौर आशा शर्मा ने गुरुवार अपराह्न स्वास्थ विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि पिछले साल सफाई में रेंक अव्वल आने का जिक्र किया और उसी तरह इस साल भी अव्वल रेंक लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निगम के सामने हमेशा चुनौतियां आती रही हैं और आती रहेंगी लेकिन उनसे निकल कर हम सभी को गाजियाबाद को नंबर वन बनाना है। शर्मा ने कहा कि निगम के पास डंपिंग ग्राउंड की दिक्कत होना भी एक बड़ी चुनौती है लेकिन यह भी दूर हो जाएगी। उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था शुरुआत करने के निर्देश दिए।

### मिलेगी बंदरों के आतंक से निजात

**गाजियाबाद।** शहर के वाशिंदो को अब बंदरों के आतंक से मुक्ति मिल जाएगी। इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम ने ठोस कार्य योजना तैयार करली और आगामी चार सितंबर को बंदर पकड़ने का ठेका छोड़ने जा रहा है। काफी लम्बे समय से बंदरों को पकड़ने के लिए शहर के सामाजिक संगठन व पार्षद नगर निगम से मांग कर रहे थे ।


**intec**
CAPITAL LIMITED

**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
(CIN: L74899DL1994PLC057410)
पंजी. कार्यालय : 708, मंजूषा, 57 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 Website: www.inteccapital.com, Email for Investors: complianceofficer@inteccapital.com

**30 जून 2019 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(राशि रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2019 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30 जून 2018 (अअंकेक्षित) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालन से राजस्व [illegible] | | |
| | [illegible] | 853.27 | 1,225.35 |
| | [illegible] | 17.88 | 48.11 |
| | [illegible] | 13.14 | 8.61 |
| | प्रचालन से कुल आय | 884.29 | 1,282.87 |
| | अन्य आय | 32.65 | 30.52 |
| | कुल आय | 716.94 | 1,313.39 |
| 2 | व्यय | | |
| | [illegible] | 400.85 | 625.00 |
| | [illegible] | 837.36 | 139.65 |
| | [illegible] | 151.58 | 195.03 |
| | [illegible] | 15.87 | 15.33 |
| | अन्य व्यय | 149.71 | 242.96 |
| | कुल व्यय | 1,555.37 | 1,288.17 |
| 3 | [illegible] | (838.43) | 105.22 |
| 4 | कर व्यय | | |
| | [illegible] | 131.41 | - |
| | [illegible] | 232.13 | (179.52) |
| | [illegible] | 363.54 | (179.52) |
| 5 | [illegible] | (576.89) | (74.30) |
| 6 | [illegible] | | |
| | [illegible] | 0.88 | 4.18 |
| | [illegible] | (0.18) | (1.09) |
| | [illegible] | 0.81 | 3.09 |
| 7 | [illegible] | (575.58) | (71.21) |
| | [illegible] | 1,836.83 | 1,836.83 |
| 8 | [illegible] | | |
| | [illegible] | 10.00 | 10.00 |
| | [illegible] | (3.14) | (0.40) |
| | [illegible] | (3.14) | (0.40) |

टिप्पणी :-
1. [illegible]
2. [illegible] 'Ind AS' [illegible] 'Ind AS' [illegible]
3. [illegible]
4. [illegible]

कृते व इंटेक कैपिटल लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता/-
संजीव गोयल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन - 00028702

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27 अगस्त, 2019


मनोहर सरकार
विकास अपार
फर्क साफ है क्योंकि नीयत साफ है
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
द्वारा
10 आयुष हैल्थ एण्ड
वैलनेस केन्द्रों
का
वीडियो लिंक के माध्यम से
शुभारंभ
गरिमामयी उपस्थिति
मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा
रतन लाल कटारिया
केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति तथा
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता
अनिल विज
स्वास्थ्य, आयुष तथा खेल एवं
युवा कार्यक्रम मंत्री, हरियाणा
ज्ञान चंद गुप्ता
विधायक, पंचकूला
दिनांक : 30 अगस्त, 2019 समय : प्रातः 10:30 बजे
स्थान : रैड बिशप, सेक्टर-1, पंचकूला
हरियाणा आयुष हैल्थ एण्ड वैलनेस केन्द्र
पंचकूला (सेक्टर-9)
अम्बाला (बारा)
कैथल (बरसाना)
करनाल (स्टौन्डी)
जीन्द (सुलेहड़ा)
हिसार (राखी शाहपुर)
सोनीपत (माहरा)
गुरुग्राम (कासन)
फरीदाबाद (शाहजांपुर)
नूंह (कैराका)
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
प्लास्टिक भगाओ पर्यावरण बचाओ

## ईडी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री पर कसा शिकंजा

# पंचकूला में हुड्डा के करीबियों के 14 औद्योगिक प्लॉट जब्त

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उनके करीबियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

जांच एजेंसी ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व सीएम के करीबियों के 14 औद्योगिक प्लॉट जब्त कर लिए हैं। ये प्लॉट पूर्व की हुड्डा सरकार के समय नियमों का उल्लंघन कर पंचकूला में आवंटित किए गए थे।

आरोप है कि ये सभी प्लॉट पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने संबंधियों, जान पहचान के लोगों तथा प्रभावशाली व्यक्तियों को आवंटित किए थे। इनकी कीमत करीब 30 करोड़ 34 लाख रुपये है। एजेंसी ने इन प्लॉटों को मनी लांड्रिंग मामले के तहत जब्त किए गए हैं। ईडी ने अपने ट्वीटर हैंडल पर औद्योगिक प्लाट अटैच करने की पुष्टि की है।

## नियम तोड़ नजदीकियों को दिए थे 30.34 करोड़ के प्लॉट



- सभी प्लॉट 496 वर्गमीटर से 1280 वर्गमीटर साइज के
- अलॉटियों के हिसाब से नियम बदले गए, करीबियों को बांटे
- मनोहर सरकार ने स्टेट विजीलेंस को सौंपा था जांच का जिम्मा, बाद में सीबीआई -ईडी ने केस दर्ज किए
- मनी लांड्रिंग मामले के तहत जांच एजेंसी ने की बड़ी कार्रवाई

### जनवरी-2012 में अलॉट किए

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने पंचकूला में औद्योगिक प्लॉट जनवरी-2012 में अलॉट किए थे। सीएम एचएसवीपी के पदेन चेयरमैन होते हैं। उस समय भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री के नाते एचएसवीपी के चेयरमैन थे। हुड्डा पर पर आरोप हैं कि उन्होंने अपने करीबियों और चेहतों को औद्योगिक प्लॉट अलॉट किए। नियमों के साथ न केवल छेड़छाड़ की गई, बल्कि उन्हें अलॉटियों के हिसाब से बदला भी गया।

### यह साइज था प्लॉटों का

यह प्लॉट 496 वर्गमीटर से लेकर 1280 वर्गमीटर साइज के थे। प्राधिकरण ने प्लॉट आवंटन के लिए पहले आवेदन मांगे गए थे। कुल 582 आवेदन आए थे। इनमें से ही 14 का चयन किया गया।

### 2015 में विजिलेंस ने दर्ज किया था मामला

दिसंबर 2015 में राज्य के विजिलेंस ब्यूरो ने पंचकूला के प्लाट आवंटन मामले में एफआइआर दर्ज की। इस मामले में हुडा के तीन पूर्व अफसरों और आवंटन में लाभ प्राप्त करने वाले 13 लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की थी। विजिलेंस ब्यूरो ने हुडा के चेयरमैन के नाते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को अनियमितताएं बरतने का दोषी माना था। यह मामला जनवरी 2012 का है। आरोप है हुडा ने 14 औद्योगिक प्लाट बहुत कम दरों पर कुछ खास लोगों को आवंटित कर दिए थे। विजिलेंस ने हुडा के तत्कालीन अध्यक्ष, तीन अधिकारियों हुडा के तत्कालीन मुख्य प्रशासक डीपीएस नागल, हुडा के तत्कालीन मुख्य वित्तीय नियंत्रक एससी कांसल व हुडा के तत्कालीन उप अधीक्षक बीबी तनेजा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री हुडा का पदेन अध्यक्ष होता है। उस समय हुड्डा मुख्यमंत्री थे, इसलिए वह हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) के अध्यक्ष थे। इसके अलावा प्लाट आवंटन में लाभ प्राप्त करने वाले 13 लोगों पर भी मामला दर्ज किया गया है।विजिलेंस ब्यूरो के डीएसपी सुरेश कुमार की शिकायत पर उनके विरुद्ध अनियमितता, जालसाजी व पद के दुरुपयोग समेत नौ अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके बाद यह केस सीबीआई को सौंपा गया। ईडी ने भी केस दर्ज किया था। सीबीआई ने इस संबंध में कई जगह छापेमारी भी की थी।

**इन्हें आवंटित किए गए थे प्लॉट**

हुड्डा के ओएसडी रहे बीआर बेरी की पुत्रवधू मोना बेरी, पूर्व सीएम के सचिव रहे राम सिंह के बेटे प्रदीप कुमार, थानेसर से पूर्व विधायक रमेश गुप्ता के बेटे अमन गुप्ता, वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता रहे नरेंद्र हुड्डा की धर्मपत्नी नंदिता हुड्डा, मनजोत कौर, सीनियर डिप्टी एडवोकेट जनरल रहे रोहतक निवासी सुनील कत्याल के बेटे डागर कत्याल, पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल के करीबी ओपी दहिया, हुड्डा परिवार की नजदीकी रेणु हुड्डा, कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति रहे डीडीएस संधू के पारिवारिक सदस्य कंवरप्रीत सिंह संधू, संजीव भारद्वाज के बेटे सिद्धार्थ भारद्वाज की कंपनी, पीजीआई चंडीगढ़ में ईएनटी के प्रोफेसर रहे डा. गणेश दत्त को अलाट किए थे।

### हाईकोर्ट ने दोनों राज्यों से नोटिफिकेशन दिखाने को कहा जो नहीं मिला

# हरियाणा और पंजाब के पास 'चंडीगढ़' के राजधानी होने का सबूत ही नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

**केंद्र और चंडीगढ़ प्रशासन के पाले में गेंद**

हरियाणा और पंजाब सरकारों द्वारा राजधानी की बाबत कोई दस्तावेज पेश नहीं किए जाने के बाद अब गेंद केंद्र सरकार तथा चंडीगढ़ प्रशासन के पाले में चली गई है। अब कोर्ट में केंद्र सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन बताएंगे कि चंडीगढ़ पंजाब और हरियाणा की राजधानी कैसे बना है।

हरियाणा और पंजाब भले ही लंबे समय से चंडीगढ़ पर अपना अधिकार जता रहे हैं, लेकिन दोनों राज्यों के पास इस बात कोई लिखित सुबूत नहीं है कि चंडीगढ़ उनकी राजधानी है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने दोनों राज्यों के एडवोकेट जनरल से ऐसी कोई नोटिफिकेशन दिखाने को कहा था, जिसमें यह साबित हो सके कि चंडीगढ़, पंजाब अथवा हरियाणा की राजधानी नहीं है। दोनों राज्य हाईकोर्ट में ऐसी कोई अधिसूचना पेश नहीं कर सके, जिस कारण यह मामला अब पेचीदा हो सकती है। विवाद हाईकोर्ट में दायर एक याचिका से हुआ था, जिसमें कहा गया कि चंडीगढ़ के लोगों को कई मामलों में पंजाब और हरियाणा अपने प्रदेश का हिस्सा नहीं मानते। पंजाब और हरियाणा दोनों की राजधानी होने के बावजूद चंडीगढ़ के लोगों को इन राज्यों का यह रुख काफी अखरने वाला लगा, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हाईकोर्ट में जब दोनों राज्य सरकारों के अधिवक्ताओं के साथ बहस चली तो मामला बेहद गंभीर बन गया। हाईकोर्ट ने दोनों राज्यों के एडवोकेट जनरल से पिछली तारीख पर कहा था कि वे चंडीगढ़ के राजधानी होने संबंधी दस्तावेज लेकर आएं। पंजाब सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि 1947 में देश आजाद होने के बाद पंजाब की राजधानी को लाहौर से बदलकर शिमला किया गया था। पंजाब सरकार ने बताया कि वर्ष 1950 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने चंडीगढ़ को राजधानी बनाने की सोची। कैपिटल आफ पंजाब (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) एक्ट-1952 में चंडीगढ़ को पंजाब की राजधानी माना गया। वर्ष 1966 में पंजाब रि-आर्गेनाइजेशन एक्ट में चंडीगढ़ को चाहे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया, लेकिन पंजाब की राजधानी होने का इसका दर्जा कायम रहा है। पंजाब सरकार ने 20 जुलाई 1947 में वॉयसराय की बैठक के हवाले से कहा कि चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है जिसे शुरू से ही स्वीकार किया जाता रहा है। हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार के इस जवाब को सही जवाब न मानते हुए केंद्र सरकार को इस मामले में जवाब देने को कहा है, जबकि हरियाणा अभी तक कोई जवाब नहीं दे पाया है।

### 'मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना' का शुभारंभ आज

**चंडीगढ़।** सरकार द्वारा प्रदेश में लाखों परिवारों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया करवाकर 'सुरक्षित परिवार-सशक्त परिवार-समृद्ध परिवार' की परिकल्पना को अमलीजामा पहनाने के मकसद से 'मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना' की शुरुआत की जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 30 अगस्त को पंचकूला के सेक्टर -1 स्थित रैड बिशप, पर्यटन परिसर से इस योजना का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पात्र परिवारों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करवाने के लिए जीवन बीमा/दुर्घटना बीमा की सुविधा, फसल बीमा तथा पैंशन संबंधी लाभ प्रदान करने लिए यह महत्वपूर्ण योजना शुरू की जा रही है।

# हरियाणा कैबिनेट की अहम बैठक आज

- विस चुनाव से पहले होने वाली बैठक पर टिकीं निगाहें

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनावों की तैयारी और आने वाले वक्त में कभी भी आचार संहिता लग जाने से ठीक पहले शुक्रवार की शाम को हरियाणा सचिवालय में मुख्यमंत्री ने मंत्रीसमूह की अहम बैठक बुलायी है।

विधानसभा चुनावों से पहले उम्मीद लगाए बैठे कईं वर्गों को राज्य की मनोहरलाल सरकार कईं सौगात देने की तैयारी में हैं। इसके अलावा कईं कर्मचारी संगठनों द्वारा भी लगातार मांगों को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है, इन सभी कर्मियों की मांगों को लेकर भी राज्य सरकार मीटिंग के बाद में अहम फैसले लेकर राहत देने की तैयारी में है। हरियाणा मंत्रीसमूह की अहम बैठक शुक्रवार की शाम को चार बजे चौथे फ्लोर पर रखी गई है।

वहीं, इसके अलावा इस मंत्रीसमूह की बैठक में राज्य में हड़ताल पर गए सफाई कर्मियों, ग्रामीण सफाई कर्मियों, राज्य के स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले राजकीय फार्मासिस्टों की हड़ताल लंबित मांगों को लेकर भी शुक्रवार को लंबित मांगों को लेकर उसी समय फाइनल मुहर लगाने का काम होगा।

**हो सकते हैं कई बड़े ऐलान**



बैठक में कई बड़े ऐलान हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार सफाई कर्मियों, ग्रामीण व शहरी सभी को राहत देने और भत्ते बढ़ाने का फैसला पहले ही कर चुकी है, सफाई कर्मियों ने मई में हड़ताल की थी। जिसके बाद में मामला शांत हो गया था। इसी तरह से स्वास्थ्य कर्मियों, फार्मासिस्टों सभी की मांगों पर भी सीएम और सेहत मंत्री की मुहर लग चुकी है।

### जालंधर: सिविल सर्जन ऑफिस में विजिलेंस का छापा

**जालंधर।** दवाइयों व अन्य साजोसमान की खरीद-फरोख्त में घोटाले की आशंका को लेकर वीरवार दोपहर सिविल सर्जन ऑफिस में विजिलेंस टीम ने छापामारी की। रेड से दफ्तर के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सेहत विभाग की विजिलेंस टीम के प्रभारी डॉ. सुमन की अगुवाई में टीम ने सेहत विभाग की दवाइयों और अन्य सर्जिकल गुड्स परचेज से संबंधित पूरा रिकॉर्ड कब्जे में ले लिया। इसके अलावा सिविल सर्जन ऑफिस और सिविल अस्पताल के अधिकारियों के बयान भी कलम बद्ध किए। विजिलेंस की टीम में अधिकारी चंडीगढ़ तो कुछ जालंधर टीम के हैं। जानकारी के मुताबिक विजिलेंस विभाग को सूचना मिली है कि जालंधर के सिविल सर्जन दफ्तर में सेल-परचेज को लेकर बड़ा घोटाला हुआ है। आरोप है कि अस्पताल में प्रयोग होने वाले कई वस्तुएं बाजार से सस्ते दाम में खरीदी गई, लेकिन उनके बिल चौगुने दाम पर बनाए गए।

# श्वेत मलिक का कैप्टन अमरिंदर पर हमला

## कहा- आपदा प्रबंधन में कैप्टन सरकार फेल

**चंडीगढ़।** पंजाब भाजपा के अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य श्वेत मलिक ने मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर कड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सरकार राज्य में बाढ़ की स्थिति से निपटने में पूरी तरह विफल रही। लोग बाढ़ से बर्बाद हो गए और सरकार आपदा प्रबंधन में फेल हो गई। सरकार लोगों को राहत नहीं दे पाई और पहले से स्थिति से निपटने की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

मलिक ने कहा कि बाढ़ से पहले अगर बचाव के उपाय किए होते तो जनता को नुकसान से बचाया जा सकता था। अब बाढ़ प्रभावितों के लिए सहायता के लिए 100 करोड़ की मामूली राशि जारी की है, जो बहुत कम है। कैप्टन सरकार ने रेत-बजरी के प्रबंधन व ठेकों में घोटाले किए हैं।श्वेत मलिक ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ष मानसून आने से पहले आपदा-प्रबंधन को लेकर व्यापक स्तर पर योजनाएं बना कर विभागों की जिम्मेदारी तय की जाती है। कैप्टन अमरिंदर ने ऐसा कुछ नहीं किया। इसका खमियाजा जनता को आर्थिक व जानी नुकसान के रूप में चुकाना पड़ा। इसकी जिम्मेदार लेते हुए कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। मलिक ने कहा कि बाढ़ से पहले अगर बचाव के उपाय किए होते तो जनता को नुकसान से बचाया जा सकता था। अब बाढ़ प्रभावितों के लिए सहायता के लिए 100 करोड़ की मामूली राशि जारी की है, जो बहुत कम है। कैप्टन सरकार ने रेत-बजरी के प्रबंधन व ठेकों में घोटाले किए हैं। उन्होंने कहा कि इसके गवाह कैप्टन अमरिंदर सरकार के मंत्री भी हैं। ये मंत्री लगातार इसे मुद्दा बना कर अपनी ही सरकार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। मलिक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से दिए गए 6200 करोड़ रुपये सरकार खर्च कर सकती है, लेकिन कैप्टन सरकार ऐसा नहीं कर रही। सरकार जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।

### भगवंत मान ने कहा- पंजाब में अब सभी उपचुनाव लड़ेगी आप

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रधान अध्यक्ष व सांसद भगवंत मान ने कहा है कि पार्टी पंजाब में विधानसभा के सभी उपचुनाव लड़ेगी। पार्टी राज्य में पूरी तरह सक्रिय होगी और लोगों के हितों की लड़ाई लड़ेगी।

पार्टी की पंजाब कोर कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए हैं। मान ने बताया कोर कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया कि राज्य में विधानसभा की जिन सीटों के लिए उपचुनाव होंगे उन सब पर आप अपने उम्मीदवार उतारेगी। मान ने बताया कि दाखा, जलालाबाद, फगवाड़ा और मुकेरियां उपचुनाव के लिए तैयारियों, उम्मीदवारों के चुनाव के लिए विधायकों व सीनियर नेताओं पर आधारित समितियां गठित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि कोर कमेटी में पार्टी की मजबूती, बाढ़, आवारा पशुओं, कुत्तों और नशों की समस्याओं पर विचार किया गया। बिजली मोर्चे की समीक्षा भी की गई।

### फिरोजपुर से सुखबीर बादल के निर्वाचन को चुनौती, हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**चंडीगढ़।** फिरोजपुर लोक सभा सीट से विजयी सुखबीर सिंह बादल के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सुखबीर बादल को 19 अक्तूबर के लिए नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया है।एक निर्दलीय उम्मीदवार कश्मीर सिंह ने एडवोकेट राजिंदर सिंह भट्टा के माध्यम से याचिका दायर कर कहा कि चुनाव के दौरान सुखबीर सिंह बादल ने न तो अपने चुनाव खर्च का पूरा ब्योरा दिया है, न ही अपने नामांकन में पूरी जानकारी दी है। यहां तक कि उनके प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल भी शामिल हुए थे और रैलियां की थीं, जिसके खर्च का कोई ब्योरा नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता का आरोप है कि चुनाव के दौरान बादल समर्थकों ने कई जगह पर शराब और पैसे भी बांटे थे। याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग को शिकायत भी की थी, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब याचिकाकर्ता ने इन सभी आरोपों को लेकर हाईकोर्ट में सुखबीर बादल के निर्वाचन को चुनौती देते हुए चुनावी याचिका दायर कर दी है।

### पंजाब: पटवारियों ने कामकाज छोड़ सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**लुधियाना।** अपनी मांगों को लेकर पटवार यूनियन ने वीरवार को कामकाज ठप कर दिया। यूनियन के सदस्यों ने डीसी दफ्तर में पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। यूनियन के सदस्यों के सदस्यों ने आरोप लगाया कि उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। पटवार यूनियन और कानूनगो यूनियन अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं। यूनियन नेताओं का कहना है कि सरकार के समक्ष लंबे समय से मांगों को उठाया जा रहा है, लेकिन मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया है।सरकार की अनदेखी की वजह से वीरवार को हड़ताल की घोषणा गई थी। यूनियन के नेताओं ने बताया कि लंबे समय से वेतन में एकरूपता लाने, 2004 के बाद नियुक्त हुए पटवारियों को पेंशन स्कीम में शामिल करने जैसी मांगों को उठाया जा रहा है। लेकिन सरकार की तरफ से इन मांगों को पूरा करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। सरकार के इस रवैये से पटवारियों में रोष बढ़ रहा है।

**VAISH TECHNICAL INSTITUTE ROHTAK**

Walk-in-Interview on 11-09-2019( Wednesday) at 9.00 A.M. for Empanelment of Visiting Faculty in Government Aided Courses on payment of honorarium of hourly basis for a specific period of one academic semester which can be extended semester to semester based on their satisfactory service & evaluation of performance with regard to results. In case of unsatisfactory service or if services of visiting faculty are not needed then their services are liable to be dispensed with without any prior notice. The retired persons can also be considered for Empanelment Please bring original documents and a set of attested copy of testimonials.Post(s):- Lecturers:-Electrical-02, Qualifications & Selection Criteria: As per Technical Education Haryana Departmental Rules which are available on the website www techeauhry goy in Honorarium:- @457/- per hour with monthly ceiling of Rs 28.5731- per month. Phone: 01262-248572
PRDH -1115/11/1206/1920/78432 DT 29-08-2019 Sd/- PRINCIPAL

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

[illegible]

सुश्री मनु बेदवान

DP/8383/WD/19

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**

हरि सिंह

[illegible]

DP/2518/OD/19

**बैंक ऑफ बड़ौदा (Bank of Baroda)**

POSSESSION NOTICE

[illegible]

Description of the Immovable Property

[illegible]

Authorised Officer (Bank of Baroda)

**intec**
**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**

30 जून 2019 को समाप्त तिमाही हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

[illegible]

## चिंतन

# 75 नए मेडिकल कॉलेज से सुधर सकेगी सेहत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के कल्याण व आम आदमी को सुलभ स्वस्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में जुटी है। बीते पांच वर्षों में मोदी सरकार ने किसानों के हित में कई योजनाएं लॉन्च की गईं और उनका फायदा भी देश के किसानों को मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य 2022 तक देश के किसानों की आमदनी दोगुना करना है और इस लक्ष्य को पाने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। पहले कार्यकाल में मोदी सरकार ने फसल बीमा योजना, 20 करोड़ को किसानों को उनके खेत की मिट्टी का हेल्थ कार्ड जारी किया गया। 86 प्रतिशत से ज्यादा छोटे या सीमांत किसानों को मार्केट से जोड़ा गया, देशभर में 585 ई-मंडियों तैयार की गई, जल संरक्षण और ग्रामीण विकास के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गईं, किसानों को हर हाल में खुशहाल करने के लिए फसल लागत का डेढ़ गुना अधिक समर्थन मूल्य घोषित किया गया, जिसके चलते धान का समर्थन मूल्य 65 रुपये प्रति क्विंटल और कपास की 105 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया। इसके साथ ही सोयाबीन के समर्थन मूल्य में 311 रुपये, उड़द में 100 रुपये की वृद्धि हुई। इसके अलावा किसानों के हालात और कृषि की स्थिति सुधारने के लिए हाई पावर पैनल का गठन किया और इस पैनल में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को शामिल किया गया, किसान सम्मान योजना शुरू की गई। लोकसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत के बाद भी केंद्र सरकार ने किसानों की खुशहाली के लिए अनेक योजनाओं का ऐलान किया। इतना सब होने के बाद भी गन्ना किसानों की कुछ परेशानियां शेष थी। इनमें सबसे बड़ी थी गन्ने का भुगतान। चीनी मिलों के आर्थिक हालात ठीक न होने के कारण पश्चिम उत्तर प्रदेश समेत अनेक क्षेत्रों से ऐसे खबरें आ रही थी कि गन्ना किसानों को उनकी फसल का भुगतान नहीं हो पा रहा है, इसीलिए मंत्रिमंडल की बैठक में गन्ना सीजन 2019-20 के दौरान चीनी मिलों के लिए 10,448 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से निर्यात सब्सिडी प्रदान करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए लगभग 6,268 करोड़ रुपये का कुल अनुमानित व्यय होगा। ये पैसा सीधे किसानों के खाते में जाएगा। पहले पैसा बकाया रह जाता था, इसे ध्यान में रखते हुए पैसा सीधे किसानों के खाते में भेजा जाएगा। गन्ना सीजन 2019-20 के लिए एकमुश्त निर्यात सब्सिडी आवाजाही, उन्नयन तथा प्रक्रिया संबंधी अन्य लागतों, अंतरराष्ट्रीय और आंतरिक परिवहन की लागतों और निर्यात पर ढुलाई शुल्कों सहित लागत व्यय को पूरा करने के लिए अधिकतम 60 लाख मीट्रिक टन चीनी के निर्यात पर अधिकतम मान्य निर्यात मात्रा के लिए चीनी मिलों को आवंटित की जाएगी। चीनी मिलों द्वारा गन्ने की बकाया राशि किसानों के बैंक खाते में सब्सिडी की राशि सीधे तौर पर जमा कराई जाएगी और यदि कोई शेष बकाया राशि होगी तो चीनी मिल के खाते में जमा कराई जाएगी। इसके अलावा देश में चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए व आम आदमी को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से देशभर में 75 नए मेडिकल कॉलेज खोलने को मंजूरी दी गई। ये कॉलेज उन क्षेत्रों में खोले जाएंगे जहां चिकित्सा सेवाएं की कमी महसूस की जा रही है। इन कॉलेजों पर 24 हजार 300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इनके निर्माण से देश में एमबीबीएस की 15,700 सीटें बढ़ जाएंगी। इससे पहले सरकार पांच सालों में एमबीबीएस की 45 हजार सीटें बढ़ा चुकी और पांच सालों में 82 कॉलेजों को मंजूरी दी, जिनका निर्माण कार्य चल रहा है। मंत्रिमंडल ने इसके अलावा एकल ब्रांड खुदरा कारोबार के तहत ऑनलाइन खुदरा बिक्री की अनुमति दी। अब इस मामले में पहले स्टोर खोलने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। डिजिटल मीडिया में 26 प्रतिशत एफडीआई को मंजूरी दी गई। सरकार के इन फैसलों से हजारों नए रोजगार का सृजन होगा।

## सारा संसार



केरल में मुन्नार नाम की एक ऐसी शानदार जगह है जहां जाकर आपको काफी सुकून मिलेगा मानसून के वक्त इस जगह का नजारा और भी ज्यादा खुशनुमा होता है। चारों तरफ फैली हरियाली आंखों को सुकून देने के साथ मन को ताजगी से भी भर देती है।

## व्यंग्य

संतोष उत्सुक

# पॉलीथिन

बरसात जाने को और ठंड आने को है तभी मौसम सुहावना हो रहा है और अच्छे निर्णय लिए जा रहे हैं। शायद पहले ठीक से बैन नहीं किया होगा या बुद्धिमान लोग बुद्धि का लोहा नहीं मानते होंगे। आम जनता न माने, जन प्रतिनिधि भी न माने तो चीजों को ज्यादा बैन करना पड़ता है। दिल है कि मानता नहीं, गाना बार बार गाने वालों को कानून की तीखी मिर्च खिलानी पड़ती है, फिर भी गाना न भूले तो अनुशासन सिखाने वाली बैठकें करनी पड़ती हैं, कानून फिर भी लागू न हो तो बहुत ज्यादा कठोर कानून बनाकर लागू कर दिया जाता है। यह हर्ष का विषय है कि अब संसद भवन परिसर में, सिर्फ एक बार प्रयोग हो सकने वाली प्लास्टिक बोतलें व पॉलीथिन पर रोक लगा दी गई है। उम्मीद है ऐसी चीजें चोरी छुपे तो ले ही जा सकते होंगे। कम से कम कार में तो रख ही सकते हैं। वो दीगर बात है कि संसद से बहुत दूर, यदि किसी जगह कूड़े का ढेर बचा होगा, तो आशंका संभव हो सकती है कि वहां गाय या कुत्ता एक बार प्रयोग होने वाले पॉलीथिन में फेंका गया स्वादिष्ट खाना खा रहे होंगे । वह भारतीय हैं, उन्हें पता होना ही चाहिए कि पूरे देश में पॉलीथिन बैन है, अब खा ही रहे हैं तो उसमें से खाना सुरक्षित तरीके से निकाल कर खाएं ताकि प्लास्टिक उनके पेट में जाने की हिम्मत न कर सके । उस बैग को उठाकर कहीं रखी कचरा पेटी में डाल दें। इंसान नहीं समझ रहे कम से कम जानवर ही अच्छी शुरुआत करें । वैसे, मुहब्बत की तरह पॉलीथिन भी बड़े काम की चीज है। इतनी टिकाऊ, सुविधाजनक, मनपसंद और बिकाऊ चीज आसानी से छोड़ी नहीं जा सकती। पॉलीथिन मानवीय शरीर का बेहद जरूरी हिस्सा है। आम लोग बुद्धिहीन, उन्हें पता न होगा, लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनकर आए विशिष्ट नागरिकों को प्लास्टिक के लाभ और हानि बारे पता ही होगा या फिर नहीं होगा। देश की जटिल समस्याएं उन्हें फुर्सत नहीं देती, पर्यावरण जैसी गैर राजनीतिक वस्तु की ओर देखने की । खैर, स्पष्ट मतलब यह हुआ कि जो प्लास्टिक बार बार प्रयोग किया जा सकता है उसे संसद भवन परिसर में लेकर जा सकते हैं। हर बार, बार बार, लगातार प्रयोग किया जाने वाला प्लास्टिक तो अनुभवी राष्ट्रप्रेमी व्यवसायियों द्वारा बढ़िया ही बनाया जाता है, इसका प्रयोग कम करने बारे आम जनता को प्रेरित ही कर सकते हैं, उत्पादन कैसे रुकवा सकते हैं ? लगता है प्लास्टिक का वर्तमान उत्पादन, घटती मांग को भी पूरा करने में अक्षम है तभी ताजा खबर प्रोत्साहित करती है कि अब मुफ्त मिलने वाली काई से बायोप्लास्टिक बनाया जा सकेगा । बायोप्लास्टिक से बना पालिथिन तो पर्यावरण हित में ही होगा, उसे संसद परिसर में ले जाने की अनुमति मिल ही जाएगी।

# अब ट्रंप मुंह न खोलेंगे



कश्मीर

गौरीशंकर राजहंस

चीन को छोड़कर विश्व के सारे देश भारत के साथ हैं और जम्मू–कश्मीर के मामले को भारत का आंतरिक मामला मानते हैं। इस बात से यह तो साबित हो गया कि अब कोई देश जम्मू–कश्मीर के मामले में टांग नहीं अड़ाएगा। फ्रांस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो बात हुई उसमें दोनों मित्र अत्यन्त ही बेफिक्री के साथ ठहाके लगाकर बात करते रहे। अब ऐसा लगता है कि ट्रंप भी इस मामले में अपना मुंह नहीं खोलेंगे।

अभी–अभी जी–7 समूह के देशों का जो सम्मेलन हुआ उसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अलग से जो बात हुई वह बहुत ही महत्वपूर्ण थी। संसार के अधिकतर टीवी चैनलों ने इन दोनों नेताओं की वार्ता को दर्शाया। नरेन्द्र मोदी ने जिस दोस्ताना तरीके से ट्रंप से बात की उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। दोनों नेताओं ने बार–बार एक दूसरे से हाथ मिलाया। नरेन्द्र मोदी ने तो अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के हाथ को कई बार थपथपाया। ऐसा लग रहा था कि जैसे पुराने दोस्त वर्षों बाद मिल रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने कई बार ट्रंप का हाथ अपने हाथ में लेकर खिलखिलाकर हंसते हुए वार्ता जारी रखी। भारत के प्रधानमंत्री का कहना था कि जम्मू–कश्मीर भारत का आन्तरिक मामला है और इस मामले को भारत और पाकिस्तान अन्य समस्याओं के साथ मिलकर सुलझा लेंगे। ट्रंप इस बात से सहमत हो गए कि प्रधानमंत्री मोदी जो कुछ कह रहे हैं वह ठीक है और दोनों देशों को मिल बैठकर इस समस्या को सुलझाना चाहिये।

अतः यह लग रहा है कि चीन को छोड़कर संसार के सारे देश भारत के साथ हैं जम्मू–कश्मीर के मामले को भारत का आन्तरिक मामला मानते हैं। इस बात से यह तो साबित हो गया कि अब कोई देश जम्मू–कश्मीर के मामले में टांग नहीं अड़ाएगा। फ्रांस में ट्रंप और मोदी के बीच जो बात हुई उसमें दोनों मित्र अत्यन्त ही बेफिक्री के साथ ठहाके लगाकर बात करते रहे। इससे पहले ट्रंप के कई विवादास्पद बयान आए थे और ट्रंप ने कहा था कि वह जम्मू–कश्मीर के मामले में मध्यस्थ बनने को तैयार हैं। यह तो वही बात हुई कि 'मान न मान, मैं तेरा मेहमान'।

भारत जोर देकर हमेशा से कहता रहा है कि हमें आपकी और किसी अन्य देश की मध्यस्थता मंजूर नहीं है। इसलिये बार बार इस बात को दोहराना की अमेरिका मध्यस्थ बनने को तैयार है ठीक नहीं है। इस बार फ्रांस में दोनों नेताओं के बीच जो बात हुई उसमें प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक कह दिया कि हम दोस्त बने रहेंगे, परंतु हम किसी भी हालत में भारत के आंतरिक मामले में किसी दोस्त या देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेंगे। ट्रंप ने खिलखिलाकर हंसते हुए प्रधानमंत्री मोदी की बात मान ली। ऐसा लगा कि शायद वे समस्या को अच्छी तरह समझ नहीं पाए थे। अब ऐसा लगता है कि ट्रंप इस मामले में अपना मुंह नहीं खोलेंगे।

भारत ने कई बार कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत तभी हो सकती है जब पाकिस्तान खूंखार आतंकवादियों की भारत में घुसपैठ करानी छोड़ दे। भारत का कहना है कि पाकिस्तान के साथ तभी बातचीत हो सकती है जब वह आतंकवादियों की मदद करना छोड़ दे। इसके अतिरिक्त जहां तक जम्मू–कश्मीर का प्रश्न है, भारत यह मानता है कि अब तो पाक अधिकृत कश्मीर को पाक के चंगुल से मुक्त कराना है।




नरेन्द्र मोदी और ट्रंप के बीच जो बात हुई उससे पाकिस्तान में बौखलाहट बढ़ गई है। खुद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कई बार कहा कि दोनों देशों के पास परमाणु बम हैं और यदि दोनों देशों के बीच जंग शुरू हो गई तो भारत नेस्तनाबूद हो जाएगा। भारत की ओर से कहा गया कि भारत ने अपना वह सिद्धांत छोड़ दिया है कि वह न्यूक्लियर बम का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कई बार कहा कि अब परिस्थितियां बदल गई हैं। ऐसे में कौन 'न्यूक्लियर बम पहले चलाएगा' यह कहना मुश्किल है। सब कुछ उस समय की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

पाकिस्तान की संसद में खुद प्रधानमंत्री इमरान खान और दूसरे मंत्रियों ने कई बार कहा कि पाकिस्तान परमाणु शक्ति है और वह देखते ही देखते भारत को तबाह कर देगा। भारत के पास कोई हरी–भरी जमीन नहीं रहेगी, कोई पशु पक्षी भी नहीं बचेंगे। मरता क्या नहीं करता? भारत को समझ लेना चाहिये कि किसी भी दिन पाकिस्तान अपना परमाणु बम भारत पर गिरा सकता है।

भारत की ओर से कहा गया है कि इस तरह की गीदड़ भभकी पाकिस्तान अनेक बार दे चुका है। यदि पाकिस्तानी नेता अपना वजूद ही समाप्त करने में लगे हैं तो कोई क्या कर सकता है? फ्रांस में मोदी और ट्रंप की वार्ता के बाद इमरान खान बौखला गए और उन्होंने साफ कहा कि अब भारत से बात करने का कोई लाभ नहीं है। समय आ गया है कि कुछ ऐसे कठोर कदम उठाए जाएं जिन्हें भारत हमेशा याद रखे। परन्तु सच यह है कि यह एक तरह की गीदड़ भभकी है और देर या सबेर पाकिस्तान को यह मानना ही होगा कि जो देश भीख का कटोरा लेकर सारी दुनिया में घूम रहा है, उसके पास यह हिम्मत कहां से आएगी कि वह भारत पर चढ़ाई करे। कुल मिलाकर नरेंद्र मोदी की कूटनीति शत-प्रतिशत सफल हुई है और धारा 370 और 35ए के हटने के बाद भारत खुले मन से जम्मू-कश्मीर के आर्थिक विकास के लिये जी जान से प्रयास करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि जबरदस्त मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान चुप नहीं बैठेगा। वह अपनी आतंकवादी हरकतें जारी रखेगा। यह हर भारतवासी का कर्तव्य है कि वह पहले से अधिक सतर्क रहे और देश की सुरक्षा के लिये हर समय पूरी तरह से तैयार रहे।

## मुश्किल में किस तरह खुद को संभालें



संकलित

दर्शन

रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास का दोहा है- तुलसी साथी विपत्ति के विद्या, विनय, विवेक। साहस सुकृति सुसत्याव्रत राम भरोसे एक। अर्थात तुलसीदास जी कहते हैं कि विपत्ति में अर्थात मुश्किल वक्त में ये गुण मनुष्य का साथ देते हैं जिनमें ज्ञान, विनम्रता पूर्वक व्यवहार, विवेक, साहस, अच्छे कर्म, सच और भगवान में आस्था। ज्ञान यानी आपकी पढ़ाई, शिक्षा और जीवन के अनुभव? अगर आप किसी मुसीबत में हैं तो ज्ञान के माध्यम से आफ उस समस्या का समाधान जरूर निकाल लेंगे। विनय यानी विनम्रता। अगर आप विनम्र हैं तो आप सबसे प्रेम और अपनत्व से बात करते हैं। ये गुण आपको किसी भी मुसीबत से बचा सकता है। विवेक यानी बुद्धि, जो आपको सही निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। इस गुण से आप मुश्किलों को पहले ही भांप सकते हैं और उसका निराकरण कर सकते हैं। साहस का गुण आपको मुश्किलों से लड़ने में मदद करता है। अगर आप नेक इंसान हैं और आपने कभी किसी का बुरा नहीं किया, हमेशा अच्छे ही काम किए हैं तो इसके फलस्वरूप भी आप परेशानी से मुक्ति पा सकते हैं। सच बोलने की आदत आपको सहज बनाएगी और अनचाही परिस्थितियों से भी बचाएगी। आपका ये गुण आपको अनेक परेशानियों से छुटकारा दिला सकता है। जब आप ऐसी विपत्ति में फंस जाएं, जहां से निकलना मुश्किल हो तो भगवान के प्रति आस्था आपको हर संकट से छुटकारा दिला सकती है।

## सफलता के लिए जोश के साथ होश भी जरूरी



संकलित

प्रेरणा

काम करने के लिए जोश चाहिए। काम को ढंग से पूरा करने के लिए होश। काम करना है तो दोनों का ही होना जरूरी है। जब दोनों मिल जाते हैं, तो कमाल होता है। जब जोश के घोड़े दौड़ रहे हों, तो उनकी लगाम बुद्धि को सौंप देना जरूरी हो जाता है। सफल बिजनेसमैन और लीडरशिप कोच भी यही मानते हैं। काम के लिए जोश बेहद जरूरी है, पर केवल उसके बलबूते रास्ते में आने वाली रुकावटों को दूर नहीं किया जा सकता। उसके लिए बेहतर सोच की जरूरत होती है। जिस तरह गुस्से या तैश में आए व्यक्ति के साथ तर्कसंगत बात करना मुश्किल होता है, उसी तरह बेहद भावुक व्यक्ति को भी सही कारण समझा पाना मुश्किल होता है। लेखिका ऐमी कॉस्पर कहती हैं, 'जोश अगर हमें हवाई जहाज से गिरा देता है तो होश पैराशूट के कॉर्ड को खींच लेता है।' जोश यानी ऊर्जा। उसके बिना काम को शुरू करना या घंटों उसमें जुटे रहना संभव ही नहीं है। पर अनियंत्रित ऊर्जा विस्फोट कर सकती है, उसे सही दिशा दिखाते रहना जरूरी होता है। उसके लिए होश में रहना जरूरी होता है। अमेरिकी उद्यमी गैरी वी कहते हैं, 'किसी जगह पहुंचने का जोश जब अंधा हो जाता है, तब साथ वालों के प्रति रूखे हो जाते हैं। गलत तरीके अपनाने में भी हिचकते नहीं।' मैनेजमेंट की पाठशाला में पढ़ाया जाता है कि जब जोश हावी होता है तब हम सही-सही सोच नहीं पाते। हमें लगता है कि हम सब जानते हैं और सब कर सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**लाइव डिबेट के लिए बनें नियम**

न्यूज चैनल की लाइव डिबेट दुनिया भर में देखी जाती है, अगर किसी डिबेट में अभद्रतापूर्ण व्यवहार होता है, तो इससे छवि पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। हम देख ही रहे हैं कि आए दिन किसी-न-किसी न्यूज चैनल में अप्रिय स्थिति बनती है। कई बार डिबेट में भाग लेने वाले इतने उग्र हो जाते हैं कि मर्यादा की सारी सीमाएं ही तोड़ देते हैं। यहां सवाल यह खड़ा होता है कि ऐसी डिबेट का क्या फायदा जिसमें मर्यादा की सीमा लांघी जाए? जो लोग लाइव डिबेट की बहस में ही मर्यादा का ख्याल न रख पाते हों, वे निजी जिंदगी में क्रोध में तो इससे भी ज्यादा उग्र हो जाते होंगे। सरकार और न्यायालयों को चाहिए कि वे न्यूज चैनलों की लाइव डिबेट के लिए ऐसे नियम बनाएं ताकि कोई लाइव डिबेट में हिंसा पर उतारू न हो। **–मनीष सिंह**

## ट्रेंड

### कश्मीर पाक का कब था



मैं पाकिस्तान से पूछना चाहता हूं कि कश्मीर पाकिस्तान के पास था कब? और पाक भी तो भारत से निकल कर बना है। हम पाक के वजूद का सम्मान करते हैं इसका अर्थ यह नहीं है कि वह कश्मीर को लेकर बयानबाजी करता रहेगा।

**-राजनाथ सिंह**

### देखकर खुशी हुई



यह जगजाहिर है कि हमारे राष्ट्र में योग के रूप में फिटनेस और भलाई की सबसे गहन प्रणाली उत्पन्न हुई है, यहां के लोग जीवन के सभी स्तरों पर फिट हो जाते हैं। फिट इंडिया अभियान में शामिल देश को देखकर खुशी हुई। **-सदगुरु**

### ऑल द बेस्ट



किसी भी खिलाड़ी के लिए परिवार से निरंतर समर्थन महत्वपूर्ण है। गुरुप्रसाद जो हमेशा सभी चुनौतियों के बावजूद अपने सपनों का पीछा करने में लगा हुआ है, के साथ बातचीत करना बहुत प्यारा था। यह दिलचस्प यात्रा है, ऑल द बेस्ट।

**-सचिन तेंदुलकर**

### 16 साल पहले



अब से ठीक 16 साल पहले सिनेमा के पर्दे पर गंगाजल आई थी। एक ऐसी फिल्म जो भ्रष्टाचार, जाति-राजनीति और अन्य सामाजिक बुराइयों पर कड़ा प्रहार करती नजर आई। यह सही समय पर बुराइयों के खिलाफ सही आवाज थी। **-अजय देवगन**

## करंट अफेयर

# खतरे में पड़ सकता है 6 अरब डॉलर का पैकेज



अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को छह अरब डॉलर का राहत पैकेज देते वक्त पाक अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कई कड़ी शर्तें रखीं, लेकिन फिलहाल इमरान सरकार किसी भी शर्त पर खरी उतरती दिखाई नहीं दे रही है। सरकार का बजट घाटा भी तय लक्ष्य से 82 फीसदी बढ़ गया है जो 2019–20 की अवधि में सिर्फ दो माह के भीतर अपनी अहमियत खो चुका है। जबकि आईएमएफ कुछ दिनों बाद ही बेलआउट पैकेज की समीक्षा करने जा रहा है। ऐसे में पकिस्तान के लिए जारी होने वाले राहत पैकेज पर खतरा मंडरा सकता है। पाक मीडिया ने यह आशंका जताई कि पाक का मौजूदा वित्तीय वर्ष में बजट घाटा पिछले 8 वर्षों में सबसे ज्यादा है। पाक वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश का बजट घाटा देश के कुल घरेलू उत्पाद का 8.9 फीसदी (3.45 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंच गया है जो गतवर्ष 6.6 फीसदी था। इमरान सरकार की नाकामी का यह एक बड़ा सबूत है क्योंकि सरकार ने खुद बजट घाटा जीडीपी का 5.6 फीसदी तक सीमित रखने का लक्ष्य तय किया था। फिजूलखर्ची रोकने की तमाम कोशिशों के बावजूद सरकार अपना खर्च कम करने और राजस्व बढ़ाने में नाकाम रही है।

## ऑफ बीट

# रोटी बैंक की शुरुआत खाना मुहैया कराएगी पुलिस



हरियाणा के फरीदाबाद में भी अब रोटी बैंक की शुरुआत हो चुकी है। रोटी बैंक का मकसद गरीब, बेसहारा लोगों को खाना खिलाना होता है। फरीदाबाद में साउथ रेंज के एडीजीपी श्रीकांत ने इसका उद्घाटन किया। फरीदाबाद में रोटी बैंक के जरिए आम जनता भी गरीब लोगों की मदद कर सकती है। इसके तहत अगर कोई गरीब, बेसहारा लोगों को खाना खिलाना चाहता है तो सेक्टर 17 में मौजूद रोटी बैंक में रोटी जमा करा सकता है। इसके अलावा रोटी बैंक के जरिए गरीबों की आर्थिक मदद भी की जा सकती है। एडीजीपी ने शहर के लोगों से अपील की है कि वह केवल अपने घर से रोटी डोनेट करें। रोटी के साथ दी जाने वाली सब्जी सेक्टर 17 में बनाई जाएगी। एडीजीपी ने फरीदाबाद की हाउसिंग सोसाइटीज और पुलिस लाइन में यह व्यवस्था की है। वहां पुलिस की गाड़ी रोटी इकट्ठा कर जरूरतमंदों को देगी। उन्होंने कहा कि अगर लोग चाहें तो सीधे तौर पर खाने की सामग्री या फिर रोटी बैंक को जन्मदिन शादी या अन्य किसी पार्टी के मौके पर या बिना मौके के भी पैसा डोनेट कर सकते हैं। दरअसल, फरीदाबाद के सेक्टर 17 में हरियाणा पुलिस के एडीजीपी श्रीकांत ने रोटी बैंक शुरू किया। हालांकि, हरियाणा के कई जिलों में यह पहले से चल रहा है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

फर्क साफ है क्योंकि नीयत साफ है

मनोहर सरकार
विकास अपार

# मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना

समृद्ध परिवार - सुरक्षित परिवार - सशक्त परिवार

का

## श्री मनोहर लाल

मुख्यमंत्री, हरियाणा

के कर-कमलों द्वारा

## शुभारम्भ

स्थान : रैड बिशप, सेक्टर-1, पंचकूला
दिनांक : 30 अगस्त, 2019



इस योजना के तहत निम्न आय वाले परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक तथा मालिकाना भूमि दो हैक्टेयर तक है, को

**6,000 रुपये वार्षिक आर्थिक सहायता मिलेगी**

इस राशि में से लाभार्थी के परिवार के सदस्यों के बीमा और पेंशन योजना का प्रीमियम दिया जाएगा तथा शेष राशि को भविष्य निधि में निवेश किया जाएगा अथवा नकद भुगतान किया जाएगा

## योजना के लाभ

### जीवन बीमा

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना**

- परिवार के सभी सदस्य, जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष तक तथा बैंक खाता है
- 330 रुपये का वार्षिक प्रीमियम हरियाणा सरकार द्वारा देय
- जीवन बीमा की देय राशि 2,00,000 रुपये

### दुर्घटना बीमा

**प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना**

- परिवार के सभी सदस्य, जिनकी आयु 18 से 70 वर्ष तक तथा जिनका बैंक खाता है
- 12 रुपये का वार्षिक प्रीमियम हरियाणा सरकार द्वारा देय
- दुर्घटना बीमा की देय राशि 2,00,000 रुपये

### पेंशन

**प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना**
**प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना**
**प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना**

- लाभार्थी की आयु 18 से 40 वर्ष तक होनी चाहिए
- लाभार्थी का अंशदान हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा
- 60 वर्ष की आयु के बाद पात्र सदस्य को 3,000 रुपये मासिक पेंशन

**वित्त विभाग, हरियाणा**

प्लास्टिक भगाओ पर्यावरण बचाओ

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in



# 'दरबार' की शूटिंग में बिजी रजनीकांत ...

**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत की नई फिल्म का नाम 'दरबार' है। इन दिनों वह इस मुंबई में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में वह पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे। इसका निर्देशन एआर मुरुगदास कर रहे हैं। इसी साल अप्रैल में फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया गया था। फिल्म के सेट से रजनीकांत की तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। अब उनकी एक फोटो लीक हुई है जो जमकर वायरल हो रही है।

लीक तस्वीर में रजनीकांत का कॉप अवतार नजर आ रहा है। कहा जा रहा है कि दरबार में रजनीकांत के अपोजिट एक्ट्रेस नयनतारा नजर आएंगी।

लाइफ Style

# काजल

## 'मुंबई सागा' की लीड हीरोइन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आखिरकार ऐक्टर जॉन अब्राहम को अपनी अगली फिल्म के लिए लीड हीरोइन मिल ही गई। हम बात कर रहे हैं संजय गुप्ता की आने वाली फिल्म 'मुंबई सागा' की, जिसमें जॉन लीड रोल में हैं। काफी वक्त से जॉन के ऑपोजिट एक हिरोइन की तलाश चल रही थी।

यह तलाश अब एक्ट्रेस काजल अग्रवाल के रूप में जाकर पूरी हुई है। काजल अजय देवगन के साथ फिल्म 'सिंघम' में काम कर चुकी हैं और उसमें उन्हें काफी पसंद किया गया था। बातचीत में संजय गुप्ता ने कन्फर्म किया कि उन्होंने अपनी फिल्म के लिए काजल को साइन कर लिया है। उन्होंने कहा, 'मेरी गैंग्स्टर फिल्मों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उनमें फीमेल किरदार भी काफी मजबूत होते हैं। कैरेक्टर शुरुआत मे जॉन की गर्लफ्रेंड का है, जो बाद में उसकी वाइफ बन जाती है। इसलिए मुझे एक ऐसी एक्ट्रेस की तलाश थी जो 17 साल की कॉलेज जाने वाली लड़की का रोल निभा सके, एक वाइफ का रोल भी प्ले कर सके और फिर 30 साल की उम्र में एक मजबूत महिला का किरदार बखूबी निभा सके। मुझे काजल का काम काफी पसंद है। वह बेहद खूबसूरत हैं और स्क्रीन पर भी अच्छी लगती हैं। मुझे खुशी है कि इस फिल्म में हम साथ काम कर रहे हैं।' संजय गुप्ता के इस स्टेटमेंट से जाहिर है कि फिल्म में काजल तीन अलग लुक्स में नजर आएंगी। यह पहली बार है जब जॉन अब्राहम और काजल अग्रवाल किसी फिल्म में साथ काम करेंगे। फैन्स भी इस जोड़ी को लेकर काफी एक्साइटेड होंगे।



हॉलीवुड मसाला



# किम की शेपवियर लाइन ...

**लॉस एंजलिस।** रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियां ने दो महीनों पहले न्यू शेपवियर लाइन की घोषणा की थी। अपनी इस शेपवियर लाइन का नाम किमोनो रखा था। हालांकि वे तब विवादों में आ गईं थीं। कई लोगों ने उनकी आलोचना की थी क्योंकि ये पारंपरिक जापानी गारमेंट से कल्चर स्तर पर प्रेरित था। उन पर आरोप लगा कि इस नाम के सहारे वे जापान के कल्चर का अपमान करने की कोशिश कर रही हैं।



# लियोनार्डो ने दान किए 36 करोड़

**लॉस एंजलिस।** दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील के अमेजन वर्षा वन में लगी आग ने दुनियाभर का ध्यान आकर्षित किया है। पृथ्वी के 20 प्रतिशत ऑक्सीजन की आपूर्ति करने वाले इस जंगल को बचाने के लिए हॉलीवुड अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो आर्थिक मदद के लिए आगे बढ़े हैं। अंग्रेजी वेबसाइट वैरायटी की खबर के अनुसार हाल ही में लियोनार्डो डिकैप्रियो ने अमेजन रेनफॉरेस्ट के सरंक्षण के लिए 5 मिलियन डॉलर यानी करीब 36 करोड़ रुपए दान करने का फैसला किया। अभिनेता के इस फैसले की सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हो रही है। गौरतलब है कि लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा दिए गए इस दान को 5 स्थानीय संस्था को डोनेट किया जाएगा।



# बेसन का लड्डू पसंद करतीं सारा...

**मुंबई।** सारा अली खान ने जिस तरह से अपना वजन कम किया वह सबके लिए इंस्पिरेशनल है। इस जर्नी में उनको सैकरिन काफी मात्रा में कम करनी पड़ी। सारा कई बार बता चुकी हैं कि वह मीठे के बहुत बड़ी शौकीन हैं और मिल्क केक और बेसन के लड्डू उनके फेवरिट हैं। लेकिन उनके कथित बॉयफ्रेंड कार्तिक आर्यन ने अब उनको मिठाइयों से दूर रखने की जिम्मेदारी खुद ले रखी है। बता दें कि दोनों के बीच प्यार के चर्चे इम्तियाज अली की फिल्म 'लव आज कल 2' की शूटिंग के दौरान शुरू हुए। खबर है कि सेट्स पर कार्तिक बिल्कुल केयरिंग बॉयफ्रेंड वाले रूप में नजर आए। उनके एक करीबी सोर्स ने बताया, इम्तियाज की फिल्म की शूटिंग के दौरान कार्तिक और सारा लोकल फूड जॉइंट्स एक्सप्लोर करते थे। सारा मीठे की शौकीन हैं तो वह मीठे पर टूट पड़तीं। और कार्तिक की उन्हें मीठे से दूर रखने की पूरी कोशिश होती।



# किसिंग सीन ने किया परेशान

**मुंबई।** सनी देओल के बेटे करण देओल की फिल्म 'पल पल दिल के पास' 20 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। करण ने पिता सनी देओल के सामने किसिंग सीन करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। करण ने बताया, अपने पिता के सामने ऐसे सीन शूट करने में मुझे थोड़ी शर्म आ रही थी और अजीब लग रहा था। यह किसी भी बेटे का नॉर्मल रिएक्शन होगा। लेकिन बाद में मैंने दिमाग को स्विच ऑफ किया और अपने इमोशन्स को बहने दिया। शुरू में थोड़ा नर्वस लगा, लेकिन एक टेक के बाद मुझे एहसास हुआ कि मोमेंट अच्छे से रिकॉर्ड हुआ है और वह पल फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ पूरी तरह तालमेल खा रहा है। करण ने कहा, मैं बहुत रोमांटिक शख्स हूं और मैं लव स्टोरी से अपना करियर शुरू कर रहा हूं क्योंकि मुझे ये दिलचस्प लगी।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**










**ज्योतिष**










**टावर**

☞ निर्देश किसी भी टावर कम्पनी में कार्य चल रहा है या धोखा हुआ है तो शिकायत दर्ज करवाएं अपना पैसा वापिस पाएं 98171-56847 सभी कंपनियों के 4G टावर लगवाएं 75798-16540

☞ गैलक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G, टॉवर लगवायें। आईडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टॉवर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 50 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगों को नौकरी। सम्पर्क करें। 76689-16707

**आवश्यकता**

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-63349

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 74286-36972, 96397-45866

**ज्योतिष**




छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ज्योतिष**




**टॉवर**

☞ अग्रवाल टॉवर (Regd) अपनी खाली जमीन, प्लॉट, छत पर Idea / Airtel / Jio 4G के डिजिटल टॉवर लगवायें एडवांस 70 लाख, किराया 45000/- + 1 नौकरी सैलरी 25000/- (Reg. fees 1100/-) # 095480-94986, 093686-30997

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता की परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**फाइनेंस**

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94671-14441

**लोन**

☞ श्रीराम फाइनेंस नेशनल अवार्ड विजेता मुद्रा योजना अंतर्गत प्रॉपर्टी, मार्कशीट, पर्सनल, आधारकार्ड समस्त लोन 2% ब्याज 40% छूट, महिलाओं / सरकारी कर्मचारियों हेतु छूट (85 लाख संतुष्ट ग्राहक) सम्पर्क 75875-42087

**लोन**

☞ श्रीराम फाइनेंस नेशनल अवार्ड विजेता मुद्रा योजना अंतर्गत 500000 से 50,00,000 तक प्रॉपर्टी, मार्कशीट, पर्सनल, आधारकार्ड लोन 2% ब्याज 40% छूट (काम हमारा विश्वास आपका) महिलाओं हेतु छूट 94078-89327


# अजय ने खरीदी 7 करोड़ की कार ...



**मुंबई।** अजय देवगन का फिल्मों के साथ ही साथ कारों से भी खास लगाव रहा है। उनके पास कई लग्जरी कारें हैं जिनमें बीएमडबल्यू, मर्सिडीज और वोल्वो जैसे ब्रैंड्स शामिल हैं। हालांकि अजय ने इस बार दुनिया की सबसे महंगी कारों में शुमार रॉल्स रॉयस की एक लग्जरी कार कलिनन एसयूवी खरीदी है। इस कार की कीमत 6.95 करोड़ रुपये है। ये एक्सक्लूसिव मॉडल है और भारत में बेहद कम लोगों के पास ये गाड़ी है। बता दें कि इस कार का नाम दुनिया के सबसे बड़े डायमंड पर पड़ा है जो अब ब्रिटिश क्राउन ज्वेलस की शोभा बढ़ा रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें इस साल अजय देवगन की दे दे प्यार दे और टोटल धमाल ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कामयाबी हासिल की। अब आगे अजय फिल्म तानाजी में काम करते नजर आएंगे। इस फिल्म में काजोल और सैफ अली खान भी मुख्य भूमिका में होंगे।

# नोरा का डांस वीडियो ...

**मुंबई।** ऐसा पहली बार है जब नोरा फतेही संग रोमांस करते दिखे हैं विकी कौशल और ऑडियंस को यह काफी पसंद भी आया। दरअसल नोरा और विकी भूषण कुमार के एक म्यूजिक वीडियो में रोमांस करते नजर आ रहे हैं। यह म्यूज़िक वीडियो एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर और प्यार में धोखे की कहानी बयां करता। इस सॉन्ग की सक्सेस पार्टी पर नोरा फतेही वॉरड्रोब मैलफंक्शन का शिकार हो गईं। अरिजीत सिंह के गाए इस गाने को केवल 6 दिनों में 38 लाख से ज्यादा व्यूज़ मिल चुके हैं और इसी की सक्सेस पार्टी पर नोरा के साथ यह गड़बड़ हो गई। नोरा ने जैसे ही विकी का हाथ पकड़कर डांस करना शुरु किया कि उनकी ड्रेस पीछे से काफी ऊपर खिसक गई। हालांकि, वीडियो में दिख रहा है कि नोरा को इसका एहसास तुरंत हो गया और उन्होंने अपने हाथ लगाकर कपड़े सही किए। इसके बाद नोरा फौरन सीधी हो गईं और विकी के पास जाकर खड़ी हो गईं।



टीवी मसाला



# 'टी' या 'एम' से होगा बेटी का नाम

**मुंबई।** टीवी के मोस्ट पॉपुलर और लविंग कपल जय भानुशाली और माही विज के घर 21 अगस्त के दिन नन्ही परी ने जन्म लिया। बेटी के जन्म से कपल काफी खुश हैं। जय और माही ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैन्स के साथ ये स्पेशल न्यूज शेयर करते हुए बताया था कि वो लोग अपनी बेटी का नाम उनके पंडित के मुताबिक रखेंगे। उनकी बेटी का नाम 'टी' या फिर 'एम' से शुरू होगा। अब माही ने फैन्स से अपनी बेटी के नाम के लिए सुझाव मांगे हैं। हाल ही में माही ने सोशल मीडिया पर अपनी बेटी संग एक क्यूट फोटो शेयर की है। फोटो में माही अपनी बेटी को गोद में पकड़े हुए नजर आ रही हैं। माही और उनकी बेटी की ये फोटो हॉस्पिटल में क्लिक की गई है।

## 'नच बलिये' में दिखेंगी मोनालिसा

**मुंबई।** भोजपुरी की हॉट और सेक्सी एक्ट्रेस मोनालिसा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने 2017 में विक्रांत सिंह राजपूत से शादी की थी। नच बलिए 9 में इस जोड़ी की जल्द एंट्री होने वाली है। इसकी पुष्टि खुद मोनालिसा ने की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर में शेयर की है। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि 'पुराने दिनों को याद करते हुए। थैंक्यू नच बलिए 9 हमें यह पल देने के लिए। यह मेरे और विक्रांत के लिए वाकई में काफी यादगार रहा।' जो तस्वीर में उन्होंने शेयर किया है उसमें वह घाघरा और चोली में नजर आ रही हैं। उसमें वह बला की खूबसूरत लग रही हैं। वह सोने के गहनों से भी लदी हैं। वहीं उनके पति विक्रांत कुर्ता-पैजामा में दिख रहे हैं। दोनों का देसी लुक देखते ही बन रहा है।



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा

# एयरलाइन चलाना सरकार का काम नहीं, एआई का निजीकरण होकर रहेगा

नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने एअर इंडिया के निजीकरण के लिए मन बना लिया है, केंद्रीय मंत्री पुरी की मानें तो गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एअर इंडिया के लिए वैकल्पिक तंत्र को स्थापित करने की पहली बैठक जल्द ही होगी। उड्डयन मंत्री ने कहा कि विभाजन की प्रक्रिया में तेजी आएगी। पुरी ने कहा कि सरकार एयरलाइन के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू करने और समयबद्ध तरीके से सबसे अच्छा सौदा हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। लेकिन अब हरदीप पुरी विश्वास जता रहे हैं कि इस बार विनिवेश प्रक्रिया सफल रहेगी। एयरलाइन पूरी तरह परिचालन में है और नेटवर्क का विस्तार भी कर रही है। उन्होंने कहा कि देश और विदेश के कई संभावित खरीदारों ने एअर इंडिया में रुचि दिखाई है, लेकिन अभी उनका नाम बताना सही नहीं होगा।



## एअर इंडिया की 100 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार



दरअसल नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कहना है कि सरकार का काम एयरलाइन चलाना नहीं है और इसलिए वो एअर इंडिया की शत-प्रतिशत हिस्सेदारी बेचे जाने के पक्ष में है. दिल्ली में आयोजित के एक कार्यशाला में उन्होंने कहा कि एअर इंडिया का निजीकरण करना ही होगा, लेकिन उसके बावजूद वह एअर इंडिया बनी रहेगी, देश का गौरव बनी रहेगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने विमानन क्षेत्र में नौकरी खोजने वालों और नौकरी देने वालों को एक ही मंच पर लाने के लिए 'एविएशन जॉब्स पोर्टल' के नाम से एक वेबसाइट भी लॉन्च की। गौरतलब है कि सरकार ने एअर इंडिया के विनिवेश के लिए पिछले साल के आरंभ में निविदा जारी की थी, लेकिन उसे कोई खरीददार नहीं मिला. पिछली बार कंपनी की 76 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी।

## पाक की धमकी पर पुरी बोले हर चुनौती से निपटने का इंतजाम करेंगे

पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत के लिए अपना एयर स्पेस पूरी तरह बंद करने की बात कही है। पाकिस्तान के इस बयान के बाद गुरुवार को भारत के उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इस चुनौती से निपटने का इंतजाम किया जाएगा। पुरी ने कहा कि हमने हाल में ही इस तरह का अनुभव किया था और इस तरह की चुनौती से निपटने के लिए हम वैकल्पिक व्यवस्था स्थापित करेंगे। दरअसल हाल ही में पाक के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मो. फैसल ने कहा था कि हम भारत के लिए एयर स्पेस पूरी तरह बंद कर देंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा था कि अभी इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने के बाद पाक ने 28 से 31 अगस्त तक कराची एयर स्पेस में 3 एविएशन रूट्स को बंद कर दिया। अब तक इस प्रतिबंध का असर भारतीय फ्लाइट्स पर नहीं पड़ा है, लेकिन पाकिस्तान सरकार एयर रूट्स को पूरी तरह से बंद करने पर विचार कर रही है।

# केंद्र ने हरित गतिविधियों के लिए 27 राज्यों को 47,436 करोड़ रुपये दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पर्यावरण मंत्रालय ने 27 राज्यों को वनीकरण और अन्य हरित गतिविधियों के लिए बृहस्पतिवार को 47,436 करोड़ रुपये जारी किए। इन हरित गतिविधियों में जंगल की आग की रोकथाम, जैव विविधता प्रबंधन और मिट्टी संरक्षण शामिल हैं। ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश को सबसे ज्यादा राशि मिली है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने यहां संबंधित राज्यों के वन मंत्रियों के साथ बैठक के बाद क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (कैंपा) के तहत यह राशि जारी की। उन्होंने अपील की कि राज्य हरित



क्षेत्र को यथासंभव तेजी से बढ़ाएं। जिन 27 राज्यों को 47,436 करोड़ रुपये मिले हैं, उनमें ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा, पंजाब, असम, बिहार, सिक्किम, मणिपुर, गोवा, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, तमिलनाडु और केरल शामिल हैं।

## ओडिशा को 5,933.98 करोड़ रुपये मिले

राज्यों को किए गए 47,436 करोड़ रुपये के आवंटन में ओडिशा को 5,933.98 करोड़ रुपये मिले हैं जबकि छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश को क्रमशः 5,791.70 करोड़ रुपये और 5,196.69 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि कोष का उपयोग वनीकरण, वन्यजीव प्रबंधन, जंगल की आग की रोकथाम, जंगलों में मिट्टी और नमी संरक्षण कार्य, संरक्षित क्षेत्रों के गांवों का स्वैच्छिक पुनर्वास, जैविक संसाधनों और जैव विविधता के प्रबंधन, वानिकी में अनुसंधान और कैंपा कार्यों की निगरानी के लिए किया जाएगा।

# पूर्व गृह राज्यमंत्री पर अपहरण का मुकदमा छात्रावास में लड़की का कमरा सील

**शाहजहांपुर (उप्र)।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद पर दर्ज अपहरण के मामले में कथित पीड़ित लड़की के छात्रावास का कमरा पुलिस ने सील कर दिया है। शहर कोतवाल प्रवेश सिंह ने गुरुवार को बताया कि स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय परिसर में बने छात्रावास में लड़की कमरा नंबर 105 में रहती थी, जिसे बुधवार देर शाम सील कर दिया गया ताकि सुबूतों के साथ छेड़छाड़ न की जा सके। साथ ही किसी भी बाहरी व्यक्ति के छात्रावास में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सिंह ने बताया कि महाविद्यालय से एलएलएम कर रही छात्रा ने 24 जून को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री पर कई लड़कियों की जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगाया तथा अपनी एवं अपने परिवार की जान को खतरा बताया था। इसके बाद चिन्मयानंद पर अपहरण और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय बरनवाल नेबताया कि पांच अगस्त से कॉलेज में शिक्षण कार्य शुरू हो गया था पर लड़की एक भी दिन कॉलेज नहीं आई, वह पढ़ाई के बाद अंशकालिक तौर पर कॉलेज की लाइब्रेरी में भी काम करती थी।

## खबर संक्षेप

### सड़क परियोजनाओं में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: सिंह

**ईटानगर।** केंद्रीय मंत्री वी. के. सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि संवेदनशील सीमावर्ती राज्य अरूणाचल प्रदेश में सड़क परियोजनाओं में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अगर ठेकेदारों ने समय पर काम पूरा नहीं किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चौना मीन और अरूणाचल पूर्वी के सांसद तपीर गाओ के साथ राज्य में सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में सिंह ने परियोजनाओं को पूरा करने में हो रहे विलंब पर चिंता जताई। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री ने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं कि मंत्रालय ठेकेदारों के लापरवाह रवैये को बर्दाश्त नहीं करेगा। लापरवाह रवैया देश के साथ छलावे की तरह है। हम ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### बंबई हाईकोर्ट ने गोवा के आईजी कारागार को लगाई फटकार

**पणजी।** बंबई उच्च न्यायालय ने जिम्मेदारियों से किनारा करने और पैरोल एवं फरलो आवेदनों को यांत्रिक तरीके से निपटाने पर गोवा के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कारागार राजेंद्र मिराजकर को कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति नूतन सरदेसाई की खंडपीठ ने मंगलवार को अपने आदेश में संज्ञान लिया कि मिराजकर ने कैदियों के पैरोल और फरलो आवेदन को अपने विवेक का इस्तेमाल किए बिना खारिज किया। अदालत उत्तरी गोवा स्थित कोलवाल जेल में कैद नागेश गांवकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसने पैरोल पर रिहा करने की मांग की है।

### उच्चतर शिक्षा से जुड़े शिक्षकों, शिक्षाविदों का वेब पोर्टल आरंभ

**मुंबई।** देशभर के शिक्षाविदों और प्रमुख प्राध्यापकों के डेटाबेस का एक वेबपोर्टल आरंभ किया गया है। यह वेब पोर्ट बेहतर नीतिगत निर्णय लेने में शैक्षिक संस्थानों के लिए एक संसाधन केंद्र की भूमिका निभाएगा। शिक्षकों को उनके शैक्षिक संस्थानों से आगे अन्य दायित्वों एवं कार्यक्रमों से जुड़ने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया यह डेटाबेस दीपक कुमार मुकादम की पहल है। मुकादम मुंबई विश्वविद्यालय की प्रबंधन परिषद में कुलपति पर के लिए दावेदार हैं। महाराष्ट्र के उच्च एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा मंत्री विनोद तावड़े ने 'academisthan.com' डेटाबेस पोर्टल की शुरूआत यहां बुधवार को की। तावड़े ने कहा कि यह शैक्षिक संस्थानों के लिए संसाधनों के नए द्वार खोलेगा। यह मुंबई विश्वविद्यालय का एक सराहनीय कदम है।

केन्द्रीय मंत्री दानवे ने कहा

# बीजेपी के पास विपक्षी नेताओं को साफ करने के लिए 'गुजरात का वाशिंग पाउडर'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय मंत्री राव साहेब दानवे ने कहा कि भाजपा के पास 'गुजरात का वाशिंग पाउडर' है जो कांग्रेस और राकांपा के नेताओं को पार्टी में शामिल करने से पहले उनकी 'सफाई' करेगा। दानवे ने शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा की शिवस्वराज्य यात्रा' को 'शव यात्रा' करार दिया। राकांपा ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की 'महाजनादेश यात्रा' के जवाब में यह यात्रा शुरू की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा प्रमुख अमित शाह के नेतृत्व का परोक्ष हवाला देते हुए दानवे ने कहा कि हमारे पास गुजरात का वाशिंग पाउडर है जो पहले कांग्रेस और राकांपा के



नेताओं को स्वच्छ करेगा और फिर उन्हें पार्टी में शामिल करेगा। गौरतलब है कि मोदी और शाह गुजरात से आते हैं।राकांपा नेता धनंजय मुंडे ने दावने की टिप्पणी पर पलटवार किया है। मुंडे ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने 'सही' कहा। राकांपा की यात्रा 'अत्याचारी, असंवेदनशील और किसान विरोधी भाजपा नीत महाराष्ट्र सरकार की 'शव यात्रा' है। मुंडे ने मराठी में किए ट्वीट में कहा कि मैं आपकी गलती सुधार दूं। राव साहेब दानवे, लोग निरंकुश सरकार को श्रद्धांजलि देने के लिए शिवस्वराज्य यात्रा को बड़ी संख्या में प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### राकांपा के अपने लोग ही पार्टी की रैली में नहीं हो रहे शामिल

राकांपा की विधानसभा चुनाव से पहले हो रही यात्रा पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री फडणवीस की महाजनादेश यात्रा है जहां बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राकांपा की यात्रा है जो असल में एक शव यात्रा है। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य और जन वितरण राज्य मंत्री ने कहा कि लोग आम तौर पर शव यात्रा में शामिल होते हैं लेकिन राकांपा की रैली में कई वरिष्ठ नेता ही नहीं पहुंचे। राकांपा के अपने लोग ही पार्टी की रैली में शामिल नहीं हो रहे हैं।

### प्रधानमंत्री आज योग पुरस्कार प्रदान करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज योग पुरस्कार प्रदान करेंगे तथा 12 आयुष स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे एवं 10 आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की शुरूआत भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में योग के संवर्धन और विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान करेंगे। इन पुरस्कारों की घोषणा रांची में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर की गई थी। आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पिछले साल के दो विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री विद्वानों, चिकित्सकों और आयुष प्रणालियों से इलाज करने वालों के सम्मान में 12 स्मारक डाक टिकटें जारी करेंगे। इन स्मारक डाक टिकटों पर आयुष प्रणालियों के इन इलाज करने वालों के महान कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। इनमें दिनशा मेहता, हकीम मोहम्मद अब्दुल लखवानी, स्वामी कुवाल्यानंद, हकीम मोहम्मद कबीरूद्दीन शामिल हैं।

आरएलडी, आरएसपी की मान्यता खतरे में

# 6 पार्टियों की मान्यता रद कर सकता है चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** देशभर बीजेपी का दबदबा बढ़ने के साथ ही क्षेत्रीय पार्टियों के सामने अस्तित्व का खतरा आ गया है। लगातार दो लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने अकेले दम पर बहुमत का आंकड़ा छूने के चलते देश की राजनीति में गठबंधन का फॉर्मूले कमजोर होता जा रहा है। इसका सीधा असर कई राजनीतिक दलों पर पड़ रहा है। बीजेपी की आंधी में कई राष्ट्रीय के साथ क्षेत्रीय पार्टियों का खाता तक नहीं खुल पा रहा है। तीन राष्ट्रीय पार्टियों के बाद अब 6 राज्यों में 6 राज्य स्तरीय पार्टियों की मान्यता खतरे में है। इनमें उत्तर प्रदेश में अजीत सिंह की राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) और अम्बुमणी रामदौस की पट्टली मक्कल काची (पीएमके) भी शामिल है।



### पार्टियों ने किसी भी शर्तों को नहीं किया पूरा

छह पार्टियों ने राज्य स्तरीय पार्टी होने के लिये आवश्यक 5 शर्तों में से किसी भी शर्त को पूरा नहीं किया है। आरएलडी, आरएसपी, टीआरएस (आन्ध्र प्रदेश में), मिजोरम की मिजोरम पीपुल्स कांफ्रेंस, तमिलनाडु में पीएमके और नार्थ ईस्ट की पीडीए पर खतरा है। चुनाव आयोग सभी 6 पार्टियों को सुनवाई का आखिरी मौका देगी। इससे पहले चुनाव आयोग के नोटिस के जवाब में सभी पार्टियों ने आयोग से गुहार लगाई है कि उनकी मान्यता खत्म न की जाए।

### सरकार ने सीबीडीटी चेयरमैन का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीबीडीटी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज) के चेयरमैन प्रमोद चंद्र मोदी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। एक सरकारी आदेश में ये जानकारी दी गई है। इस आदेश के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली अपॉइंटमेंट कमिटी ऑफ द कैबिनेट (एसीसी) ने प्रमोद चंद्र मोदी के री-अपॉइंटमेंट को मंजूरी दे दी है। प्रमोद चंद्र मोदी का कार्यकाल 31 अगस्त तक था और वो रिटायर होने वाले थे। मोदी 1982 बैच के आईआरएस ऑफिसर हैं। फरवरी 2019 में उन्हें सीबीडीटी का चेयरमैन बनाया गया था। उनकी नियुक्ति उस समय तत्कालीन सीबीडीटी चेयरमैन सुशील चंद्र के बाद हुई थी। एसीसी ने आज जो फैसले लिए हैं उसके तहत 1983 बैच के आईआरएस अधिकारी प्रभाष शंकर को सीबीडीटी के नए सदस्य के के रूप में नियुक्त किया है।

### अमितेश ने की सोनिया गांधी से फरियाद, मुझे किस बात की दी जा रही है सजा!

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस का निजाम बदला तो उसका असर भी दिखा। लंबे समय से कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से समय मांग रहे छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला को गुरुवार को मिलने का समय तुरंत दे दिया। दस जनपथ में वे लगभग पंद्रह मिनट सोनिया गांधी से वन-टू-वन मुलाकात की। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष गुहार लगाते हुए पूछा कि आखिर किस बात की सजा उन्हें दी जा रही है? सबसे ज्यादा वोटों से जीतकर वे विधानसभा पहुंचे। शुक्ला परिवार की विरासत उनके साथ है। सूबे के भूपेश बघेल सरकार के कई मंत्रियों से वरिष्ठ हैं फिर भी उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया। इतना ही नहीं उन्होंने खुलकर सोनिया गांधी को कांग्रेस की सुबाई सियासत बताते हुए ये भी कहा कि संगठन में भी उनकी हैसियत को लगातार छोटा करने की कोशिश हो रही है। संगठन और सरकार के तमाम समीकरणों की जानकारी देते हुए अमितेश शुक्ला ने सारा निर्णय सोनिया गांधी पर छोड़ दिया।



आगरा में गुरुवार को ताजमहल देखने आए विदेशी पर्यटक बारिश से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल करते हुए।

### यकीन हो रहा कि देश के सबसे प्रिय प्रधानमंत्री मोदी हैं: सिन्हा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) से बगावत के बाद कांग्रेस में शामिल हुए शत्रुघ्न सिन्हा चुनावी नतीजे आने के बाद कई मौकों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर चुके हैं। हाल में जहां उन्होंने ट्रंप से पीएम मोदी की मुलाकात पर 'तेरा जादू चल गया' कहकर तारीफ की थी। वहीं अब कहा है कि मुझे यकीन है कि समय की जरूरत के



हिसाब से काम करते हुए आप देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री बनते जा रहे हैं। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने एक अन्य ट्वीट में कहा कि मैं आशा और प्रार्थना करता हूं कि आप, एक राष्ट्रीय और वैश्विक नेता होने के नाते इस महान राष्ट्र और अर्थव्यवस्था को सही दिशा देने में सफल होंगे। एक अन्य ट्वीट में शत्रुघ्न सिन्हा ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के देश के अर्थव्यवस्था को लेकर किए ट्वीट को भी संज्ञान में लेने की मांग की।उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के मामले में युवा भारत के गतिशील नेता राहुल गांधी के ट्वीट को गंभीरता से लेना चाहिए।

### गृहमंत्री शाह ने महिलाओं से प्लास्टिक के थैलों का प्रयोग बंद करने की अपील की

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को महिलाओं से अपील की कि वे खरीदारी के लिए प्लास्टिक के थैलों का इस्तेमाल करना बंद करें और इसके बजाए लंबे समय तक चलने वाले कपड़े के थैले प्रयोग करें। शाह ने कहा कि कपड़े के थैले प्रयोग करने से महिलाएं पुराने फैशन की लग सकती हैं लेकिन इस प्रकार की पहल



प्लास्टिक प्रदूषण से पृथ्वी को बचाने में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पर्यावरण को बचाने की कोशिश के तहत एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के उत्पादन को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने पर विचार कर रही है। शाह ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वच्छ भारत' का संकल्प लिया है, लेकिन प्लास्टिक इस संकल्प को साकार करने की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है।

राजीव गांधी हत्याकांड मामला

# दोषी नलिनी की समय पूर्व रिहा करने की याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास उच्च न्यायालय ने गुरुवार को राजीव गांधी हत्याकांड की दोषी नलिनी श्रीहरन की याचिका खारिज कर दी। याचिका में नलिनी ने मामले के दोषी और आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे सभी सात लोगों को समयपूर्व रिहा करने की सिफारिश पर फैसला करने लिए राज्यपाल पर जोर डालने के मकसद से सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति आर. सुब्बैया और न्यायमूर्ति सी. सरवणन की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए फैसले में कहा कि पहले ही मंत्रिपरिषद नलिनी और अन्य छह को समयपूर्व रिहा करने की



अनुशंसा राज्यपाल से कर चुकी है। ऐसे में उसकी याचिका पर विचार करके उन्हें निर्देश देने की जरूरत नहीं। नलिनी ने 9 सितंबर 2018 को पारित तमिलनाडु सरकार के प्रस्ताव के आधार पर याचिका दायर की थी। प्रस्ताव में मंत्रिमंडल ने राज्यपाल से नलिनी, उसके पति श्रीहरन उर्फ मुर्गन, पेरारीवलन, रॉबर्ट पयास, जयकुमार, रविचंद्रन और संथन को रिहा करने की अनुशंसा की थी।

कुल सदस्यों की संख्या 18 करोड़ हुई

# भाजपा के साथ 7 करोड़ नए सदस्य जुड़े: नड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहले ही 11 करोड़ की सदस्य संख्या के साथ दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का तमगा अपने नाम कर चुकी भाजपा ने एक नया कीर्तिमान गढ़ दिया है। 6 जुलाई से 20 अगस्त तक चले पार्टी की सदस्यता अभियान के बाद अब 7 करोड़ नए सदस्य भाजपा से जुड़ गए हैं और पार्टी की कुल सदस्य संख्या 18 करोड़ पहुंच गई है। आबादी के लिहाज से अब दुनिया के 8 देश ही बचे हैं जिनकी जनसंख्या भाजपा के सदस्य संख्या से ज्यादा रह गई है। भाजपा



के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 6 जुलाई को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए सदस्यता अभियान को देश भर में व्यापक समर्थन मिला है।

### 5 करोड़ 81 लाख लोगों ने ली ऑनलाइन सदस्यता

20 अगस्त को खत्म हुए अभियान के बाद 5 करोड़ 81 लाख 34 हजार 242 नए लोगों ने ऑन लाइन के माध्यम से पार्टी की सदस्यता ली। जो कि पिछले सदस्य संख्या 11 करोड़ से तकरीबन 50 फीसदी अधिक है। जबकि 62 लाख 35हजार 967 लोगों ने ऑफ लाइन माध्यम से सदस्यता ली। उन्होंने कहा कि जहां सर्वर की समस्या रही वहीं ऑफ लाइन फार्म भरवाए गए। अगर इन्हे जोड़ दिया जाय तो यह तादात तकरीबन 7 करोड़ पहुंच जाती है और पार्टी की कुल सदस्य संख्या 18 करोड़ हो जाती है। जो कि खुद में कीर्तिमान है। दुनिया में केवल 8 देश ही हैं जिनकी आबादी इससे अधिक है।

### 1 सितम्बर से सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान शुरू होगा

नड्डा ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान भले ही खत्म हो गया है,लेकिन सदस्यता अभी भी खुली हुई है और लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 1 सितम्बर से सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि सदस्यता अभियान की शुरूआत के समय पार्टी की ओर से कहा गया था कि उसका लक्ष्य 20 फीसदी नए सदस्य बनाने है। लेकिन सदस्यता अभियान के खत्म होने के बाद 50 फीसदी से ज्यादा नए लोग भाजपा के सदस्य बन गए हैं।

बैंकिंग : केंद्रीय बैंक ने वित्तीय वर्ष 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट जारी की

# रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था में सुस्ती को 'चक्रीय गिरावट' करार दिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था में सुस्ती के मौजूदा दौर को 'नरमी का ऐसा दौर बताया जो चक्रीय गिरावट में बदल' गया। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने कहा है कि नीति निर्माताओं और सरकार की शीर्ष प्राथमिकता उपभोग और निजी निवेश बढ़ाने की होनी चाहिए। वित्त वर्ष 2018-19 की जारी वार्षिक रिपोर्ट में रिजर्व बैंक ने इस बात को स्वीकार किया है कि सही समस्या की पहचान करना मुश्किल है। लेकिन इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने कहा कि जमीन, श्रम और कृषि उपज विपणन क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों को छोड़कर अन्य मुद्दों की प्रकृति संरचनात्मक नहीं है।

- सरकार की शीर्ष प्राथमिकता निजी निवेश को बढ़ाना

### खास बातें

- सुस्ती के मौजूदा दौर को चक्रीय गिरावट में बदलना बताया
- आरबीआई ने स्वीकारा, सही समस्या की पहचान मुश्किल
- सुस्ती के पीछे संरचनात्मक मुद्दे को बताया बड़ी वजह



### नकदी का चलन 17 फीसदी बढ़ा

आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक डिजिटल भुगतान की तरफ बढ़ने की तमाम कोशिशों के बावजूद 2018-19 में फिजिकल मुद्रा का चलन देश में 17 फीसदी बढ़कर 21.10 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सबसे अधिक चलन 500 रुपए के नोट का बढ़ा। अभी चलन में जितनी भी मुद्रा है, उसमें 51 फीसदी हिस्सेदारी 500 रुपए के नोटों का है। गौरतलब है कि आठ नवंबर 2016 को घोषित नोटबंदी का एक सबसे बड़ा मकसद था डिजिटल भुगतान को बढ़ाना और नकदी का उपयोग घटाना।

***जीडीपी का वृद्धि दर अनुमान घटाया :*** *रिजर्व बैंक ने इसी महीने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अपने अनुमान को घटाकर 6.9 प्रतिशत किया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि अर्थव्यवस्था के समक्ष इस समय जो बड़ा सवाल हैं: वह यह कि क्या हम अस्थाई नरमी में है या यह चक्रीय गिरावट है अथवा इस सुस्ती के पीछे संरचनात्मक मुद्दे बड़ी वजह हैं?*

### रेपो दर नौ साल के निचले स्तर पर

केंद्रीय बैंक ने कहा कि नरमी का यह दौर एक गहरी संरचनात्मक सुस्ती के बजाय चक्रीय गिरावट का हो सकता है। रिजर्व बैंक ने वर्ष 2019 में महत्वपूर्ण नीतिगत दर रेपो में 1.10 प्रतिशत की कटौती की है। लगातार चार बार की गई कटौती के बाद रेपो दर 5.4 प्रतिशत पर नौ साल के निचले स्तर पर आ गई है।

### मुद्रास्फीति अनुकूल रहने की उम्मीद

इसमें कृषि ऋण माफी, सातवें वेतन आयोग का क्रियान्वयन और आमदनी समर्थन की विभिन्न योजनाएं शामिल हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वृहद आर्थिक स्थिरता के चमकदार पहलुओं में बेहतर मानसून की वजह से मुद्रास्फीति अनुकूल रहने, राजकोषीय घाटे पर काबू और चालू खाते का घाटा निचले स्तर पर रहना शामिल है।

### निजी निवेश बढ़ाने का प्रयास

केंद्रीय बैंक ने कहा कि अब सभी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता उपभोग में सुधार और निजी निवेश में बढ़ोतरी की है। रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंकिंग और गैर- बैंकिंग क्षेत्रों को मजबूत कर, बुनियादी ढांचा खर्च में बड़ी वृद्धि और श्रम कानून, कराधान और अन्य कानूनी सुधारों के क्रियान्वयन के जरिए इसे हासिल किया जा सकता है।

### मांग उम्मीद से कमजोर पड़ी

रिजर्व बैंक ने कहा कि कुल मांग उम्मीद से अधिक कमजोर पड़ी है। घरेलू मांग में सुस्ती से अर्थव्यवस्था में 'जोश' का अभाव है। वित्तीय प्रोत्साहन की मांग के बीच रिजर्व बैंक ने कई ऐसे कारक बताए हैं जिससे राज्यों की प्रोत्साहन देने की क्षमता प्रभावित हो रही है।

### पिछले साल 71,543 करोड़ का हुआ बैंक फ्रॉड

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2018-19 में बैंकों में फ्रॉड के मामले में 15 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह बात भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से गुरुवार को जारी सालाना रिपोर्ट में कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले कारोबारी साल धोखधड़ी की रकम में 73.8 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कारोबारी साल 2019 में बैंकों ने धोखाधड़ी के 6,801 मामले दर्ज किए। इन मामलों में 71,542.93 करोड़ रुपए का गबन हुआ। इससे एक साल पहले यानी, 2017-18 में फ्रॉड के 5,916 मामले दर्ज किए गए थे और इन मामलों में 41,167.04 करोड़ रुपए का फ्रॉड हुआ था।

**सरकारी बैंकों में हुए आधे से अधिक फ्रॉड:** आरबीआई की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक आलोच्य वर्ष में सरकारी बैंकों ने फ्रॉड के 3,766 मामले दर्ज किए। इन मामलों में 64,509.43 करोड़ रुपए का फ्रॉड हुआ। इससे एक साल पहले यह आंकड़ा क्रमशः 2,885 मामले और 38,260.8 करोड़ रुपए का था। रिपोर्ट के मुताबिक फ्रॉड होने के औसतन 22 महीने बाद बैंकों को उसका पता चला। वहीं 100 करोड़ रुपए और इससे बड़े मामलों में फ्रॉड का पता चला औसतन 55 महीने की देरी से चला। इन बड़े मामलों में कुल 52,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई।

### बिकवाली से सेंसेक्स 383 अंक टूटा, निफ्टी 11,000 से नीचे आया

**मुंबई।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच अगस्त श्रृंखला के वायदा एवं विकल्प कारोबार के समापन के चलते बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बृहस्पतिवार को बीएसई सेंसेक्स 383 अंक टूट गया। दिनभर के कारोबार में काफी अधिक उतार-चढ़ाव के बाद 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 382.91 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,068.93 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स एक समय 36,987.35 अंक तक नीचे लुढ़क गया था।

इसी तरह एनएसई निफ्टी 97.80 अंक 0.89 फीसदी की गिरावट के साथ 11,000 अंक से नीचे रहकर 10,948.30 अंक पर बंद हुआ। अन्य एशियाई बाजारों की बात करें तो हांगकाग के हांगसेंग, दक्षिण कोरिया के कोस्पी एवं जापान के निक्की गिरावट के साथ जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी बीच दिन के कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया आंशिक रूप से मजबूत होकर 71.73 पर रहा। ब्रेंट कच्चे तेल का वायदा 0.03 प्रतिशत फिसलकर 59.91 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### मंदी की आशंका बढ़ने से सोना 40,000 पार

नई दिल्ली। वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंकाओं के बढ़ने की चिंताओं के बीच निवेशकों की भारी मांग के कारण बृहस्पतिवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 250 रुपये उछलकर पहली बार 40,000 रुपये प्रति दस ग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, सोने में लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड बनने का सिलसिला जारी रहा। सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 40,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। बुधवार को सोना 300 रुपये की तेजी के साथ 39,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। मजबूत वैश्विक रुख के बीच औद्योगिक इकाइयों एवं सिक्का विनिर्माताओं की मजबूत मांग आने से चांदी कीमत भी 200 रुपये की तेजी के साथ 50,000 रुपये के स्तर के करीब पहुंचते हुए 49,050 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। दिल्ली सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 250-250 रुपये बढ़कर क्रमशः 40,220 रुपये और 40,050 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। आठ ग्राम वाली गिन्नी भी 400 रुपये बढ़कर 30,200 रुपये हो गई। चांदी हाजिर कीमत 200 रुपये बढ़कर 49,050 रुपये प्रति किलोग्राम और साप्ताहिक डिलिवरी वाली चांदी 814 रुपये बढ़कर 47,230 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी सिक्कों की भी अच्छी मांग थी और इसकी कीमत 3,000 रुपये बढ़कर लिवाल 1,01,000 और बिकवाल 1,02,000 रुपये प्रति सैकड़ा हो गई।


## हरियाणा सरकार
# लोक निर्माण विभाग
## भवन तथा मार्ग शाखा गुरुग्राम वृत्त
## अधिसूचना

[illegible]

पीआरओहरियाणा-1081/11/5405/1920/78436 दि. 29.08.19

# दीपा 'खेल रत्न' बनीं, समारोह में भाग नहीं ले सके बजरंग







भाषा ▶▶ नई दिल्ली

पैरालंपिक रजत पदक विजेता दीपा मलिक राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला पैरा एथलीट बन गयीं, लेकिन इसी पुरस्कार को हासिल करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया ट्रेनिंग प्रतिबद्धताओं के कारण यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शिरकत नहीं कर पाए। दीपा ने 2016 रियो पैरालंपिक में गोला फेंक एफ53 में रजत पदक जीता था। उन्हें एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन पूनिया के साथ संयुक्त विजेता घोषित किया गया था जो कजाखस्तान में होने वाली आगामी चैम्पियनशिप की तैयारियों में जुटे हैं। इस तरह दीपा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को हासिल करने वाली दूसरी पैरा एथलीट बन गयी क्योंकि पैरालंपिक का दोहरा स्वर्ण पदक जीतने वाले भाला फेंक एथलीट देवेंद्र झझारिया को 2017 में इससे सम्मानित किया गया था। वह 49 साल की उम्र में इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाली सबसे उम्रदराज एथलीट भी बन गयीं।

## पुरस्कारों की सूची

### राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार

दीपा मलिक (पैरा-एथलेटिक्स)

### अर्जुन पुरस्कार

रविंद्र जडेजा (क्रिकेट), मोहम्मद अनस याहिया (एथलेटिक्स), गुरप्रीत सिंह संधू (फुटबाल), सोनिया लाठेर (मुक्केबाजी), चिंगलेनसना सिंह कंगुजम (हाकी), एस भास्करन (बाडीबिल्डिंग), अजय ठाकुर (कबड्डी), अंजुम मौदगिल (निशानेबाजी), बी साई प्रणीत (बैडमिंटन), तेजिंदर पाल सिंह तूर (एथलेटिक्स), प्रमोद भगत (पैरा स्पोर्ट्स - बैडमिंटन), हरमीत राजुल देसाई (टेबल टेनिस), पूजा ढांडा (कुश्ती), फवाद मिर्जा (घुड़सवारी), सिमरन सिंह शेरगिल (पोलो), पूनम यादव (क्रिकेट), स्वप्ना बर्मन (एथलेटिक्स), सुंदर सिंह गुर्जर (पैरा स्पोर्ट्स - एथलेटिक्स) और गौरव सिंह गिल (मोटरस्पोर्ट्स)।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी)

मोहिंदर सिंह ढिल्लों (एथलेटिक्स), संदीप गुप्ता (टेबल टेनिस) और विमल कुमार (बैडमिंटन)।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार (आजीवन श्रेणी)

संजय भारद्वाज (क्रिकेट), रामबीर सिंह खोकर (कबड्डी) और मेजबान पटेल (हाकी)। ध्यानचंद पुरस्कारः मनोज कुमार (कुश्ती), सी लालरेमसंगा (तीरंदाजी), अरूप बसाक (टेबल टेनिस), निटेन कीर्ताने (टेनिस) और मैनुअल फ्रेड्रिक्स (हाकी)।

## खबर संक्षेप



### बुमराह का दूसरी पारी का स्पैल शानदार था

**किंगस्टन।** भारत के गेंदबाजी कोच भरत अरूण को लगता है कि जसप्रीत बुमराह की हालात को भांपने की काबिलियत अद्भुत है और वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में दूसरी पारी में उनका पांच विकेट चटकाना भारत के 'तेज गेंदबाजी के सर्वश्रेष्ठ स्पैल' में से एक था। अरूण ने यहां पत्रकारों से कहा, 'बुमराह सोच समझकर गेंदबाजी करने वाला गेंदबाज है। वह हालात से वाफिक रहता है और अच्छी तरह सांमजस्य बिठा लेता है। अगर आप दूसरी पारी में उसकी लेंथ देखोगे तो उसे अच्छा मूवमेंट मिल रहा था।'

### नमूने लेने लखनऊ पहुंची नाडा की टीम

**लखनऊ।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) की टीम अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन गुरुवार को राजधानी लखनऊ पहुंची। इस चैंपियनशिप के जरिए खिलाड़ी अगले महीने दोहा में आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करेंगे। उत्तरप्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव पीके श्रीवास्तव ने बताया कि डोप टेस्ट के लिए खिलाड़ियों के नमूने लेने के लिए नाडा की टीम आज लखनऊ पहुंची। इसमें दो वैज्ञानिक और तीन डोपिंग अधिकारी शामिल हैं।



### टेस्ट एकादशः रोहित को करना होगा इंतजार



**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि अजिंक्य रहाणे और हनुमा विहारी के शानदार फार्म को देखते हुए रोहित शर्मा को भारतीय टेस्ट एकादश में जगह बनाने के लिए अभी इंतजार करना होगा। उपकप्तान रोहित वेस्टइंडीज दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। उन्हें पहले टेस्ट में नहीं चुना गया जिसमें रहाणे और विहारी ने अच्छा प्रदर्शन किया। गंभीर ने कहा, 'रोहित को मौके का इंतजार करना होगा। रहाणे अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और विहारी भी। उसे इंतजार करना होगा और मौका मिलने पर अच्छा प्रदर्शन भी।' रहाणे ने 81 और 102 रन की पारी खेली जबकि विहारी ने 32 और 93 रन बनाए।

### डर्बीशर के खिलाफ मैदान पर उतरे स्मिथ

**डर्बी (ब्रिटेन)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगने से चक्कर आने जैसी स्थिति का सामना करने वाले स्टीव स्मिथ चोटिल होने के बाद गुरुवार को डर्बीशर के खिलाफ पहली बार प्रतिस्पर्धी मैच में उतरे। डर्बीशर के कप्तान बिली गोडलमैन ने अभ्यास मैच में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिससे स्मिथ को लाड्र्स में दूसरे टेस्ट में गर्दन पर चोट लगने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी मैच में बल्लेबाजी के लिए इंतजार करना होगा।



हार्दिक की वापसी, चहर भाइयों और नवदीप को फिर मौका

# द. अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में धोनी का चयन नहीं, बुमराह को दिया आराम

भाषा ▶▶ नई दिल्ली




महेंद्र सिंह धोनी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं दी गई है जबकि फिट हो चुके हार्दिक पंड्या की वापसी गुरुवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में एकमात्र बदलाव है। तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच धर्मशाला (15 सितंबर), मोहाली (18 सितंबर) और बेंगलुरू (22 सितंबर) में खेले जाएंगे। खेल से दो महीने का ब्रेक लेने वाले धोनी प्रादेशिक सेना के साथ 15 दिन बिताने के बाद फिलहाल अमेरिका में छुट्टियां मना रहे हैं। यह पता नहीं चल पाया है कि चयनकर्ताओं ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उपलब्धता को लेकर धोनी से बात की या नहीं। वेस्टइंडीज दौरे की टीम के चयन (21 जुलाई) को मापदंड माने तो धोनी का आधिकारिक ब्रेक 21 सितंबर को खत्म होगा जबकि इसके अगले दिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। एमएसके प्रसाद की अगुआई वाली मौजूदा चयन समिति भविष्य की ओर देख रही है और सूत्रों के अनुसार 38 साल के विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान धोनी उनकी योजनाओं में शामिल नहीं हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई से कहा, ''चयन समिति एक मुद्दे पर स्पष्ट है। वे संन्यास को लेकर धोनी से कभी कोई सवाल नहीं पूछेंगे क्योंकि यह उनके दायरे में नहीं है। लेकिन जब तक वे प्रभारी हैं तो उनके पास टीम चुनने का अधिकार है और जहां तक उनका सवाल है तो ऋषभ पंत सभी प्रारूपों में उनके पहली पसंद के विकेटकीपर हैं।'' अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम को सिर्फ 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं और चयन समिति नए पैनल के लिए योजना तैयार करना चाहती है जो बीसीसीआई चुनावों के बाद कार्यभार संभालेगा। अधिकारी ने कहा, ''सफेद गेंद के क्रिकेट की तीन पसंद पंत, संजू सैमसन और इशान किशन हैं।'' काम के बोझ के प्रबंधन कार्यक्रम के तहत हार्दिक पंड्या को मामूली चोटों से उबरने के लिए आराम दिया गया था और अब उनकी टीम में वापसी हुई है। अमेरिका और कैरेबिया में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम में सिर्फ एक यही बदलाव किया गया है। काम के बोझ के प्रबंधन कार्यक्रम के तहत तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को इस श्रृंखला से आराम दिया गया है। आलराउंडर कृणाल पंड्या, तेज गेंदबाज दीपक चाहर और लेग स्पिनर राहुल चाहर, स्पिनर वाशिंगटन सुंदर, तेज गेंदबाजों नवदीप सैनी और खलील अहमद को भी टी20 टीम में जगह मिली है।

### भारतीय टी20 टीम इस प्रकार हैः-

विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, शिखर धवन, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, कृणाल पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, राहुल चाहर, खलील अहमद, दीपक चाहर और नवदीप सैनी।

## टेस्ट श्रृंखला : भारत की नजरें 'क्लीन स्वीप' पर

एजेंसी ▶▶ किंगस्टन

**मैच का प्रसारण सोनी टेन 1 और टेन 3 पर शाम 7 बजे से**



भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अपने दूसरे मैच में 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी जबकि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टीम प्रबंधन के भरोसे पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। पहला टेस्ट 318 रन से जीत चुकी भारतीय टीम सबीना पार्क में दूसरे मैच में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। दूसरी ओर मेजबान टीम पांच दिवसीय मुकाबले की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकी है। भारत के गेंदबाजी कोच भरत अरूण ने कहा, 'यहां परिस्थितियां अच्छी है और पिच भी बढ़िया लग रही है। हमें एक और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।' पहले मैच में जसप्रीत बुमराह ने छह और ईशांत शर्मा ने आठ विकेट लेकर वेस्टइंडीज की कमजोरियों की कलई खोल दी। उनका इरादा इस प्रदर्शन को बरकरार रखने का होगा। इतनी बड़ी जीत के बाद भारत अंतिम एकादश में बदलाव शायद ही करे हालांकि पंत की फार्म चिंता का सबब है। उन्हें महेंद्र सिंह धोनी का वारिस माना जा रहा है लेकिन उनके आउट होने के तरीके से यह चिंता पैदा हुई है। इस दौरे पर उन्होंने 0, 4, नाबाद 65 , 20 , 0, 24 और सात रन बनाए हैं।

## बंगाल वारियर्स ने तमिल थलाइवास को हराया



**नई दिल्ली।** बंगाल वारियर्स ने गुरुवार को यहां पेशेवर कबड्डी लीग के सातवें सत्र में तमिल थलाइवास के खिलाफ 35-26 की आसान जीत दर्ज की।

बंगाल वारियर्स की ओर से के प्रपंजन ने 10 रेड अंक जुटाए जबकि मनिंदर सिंह ने नौ रेड अंक बनाए। इस जीत से बंगाल की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। तमिल थलाइवास की ओर से अजय ठाकुर ने 10 अंक जुटाए लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके।

## हरियाणा की अंजलि ने 400 मीटर में स्वर्ण जीता

**लखनऊ।** हरियाणा की अंजलि देवी ने चोट के बाद प्रतिस्पर्धी दौड़ में शानदार वापसी करते हुए गुरुवार को यहां 59वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप की महिला 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। अंजलि ने 51.53 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ गुजरात की सरिताबेन गायकवाड़ (52.96 सेकेंड) और केरल की जिस्ना मैथ्यू (53.08 सेकेंड) को पछाड़ा। बीस साल की अंजिल पिछले साल सितंबर में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स में 51 .79 सेकेंड के प्रयास के साथ पहले ही विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। महिला 400 मीटर के लिए विश्व चैंपियनशिप का क्वालीफाइंग स्तर 51 .80 सेकेंड है। अंजलि इस स्पर्धा में अब तक क्वालीफाइंग स्तर हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय हैं। टखने की चोट के बाद वापसी कर रहे अंजलि ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, ''फेडरेशन कप (मार्च में) के बाद से प्रतिस्पर्धी दौड़ में हिस्सा नहीं लेने के कारण मुझे पता था कि फाइनल में मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'' चार दिवसीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के अधिकारी खिलाड़ियों के डोप नमूने एकत्रित करने के लिए पहुंचे।

# इलावेनिल ने जीता विश्व कप का पहला स्वर्ण पदक, पर नहीं मिला ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶ रियो डि जिनेरियो



निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में सभी को पछाड़ते हुए सीनियर विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक अपने नाम किया और इससे यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह तीसरी भारतीय बन गईं। बीस साल की निशानेबाज का प्रदर्शन हालांकि भारत के लिए ओलंपिक कोटे में नहीं बदल सका क्योंकि अंजुम मुद्गिल और अपूर्वी चंदेला ने पहले ही देश को मिलने वाले दो स्थान पिछले साल की विश्व चैंपियनशिप में हासिल कर लिए हैं। अपूर्वी और अंजुम आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल चरण की प्रतियोगिता में कोई पदक हासिल नहीं कर सकीं जो क्रमशः दुनिया की नंबर एक और दो निशानेबाज हैं। अंजुम फाइनल में 166.8 अंक से छठे स्थान पर रहीं जबकि अपूर्वी क्वालीफिकेशन पार नहीं कर सकीं और 11वें स्थान पर रहीं।

### 10 मी. एयर राइफल में ही अंजलि और अपूर्वी जीत चुकी सोना

जलि भागवत और अपूर्वी चंदेला इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की दो अन्य निशानेबाज हैं। भारत ने इस साल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में चार विश्व कप स्वर्ण पदकों में तीन अपने नाम किए हैं। इलावेनिल एशियाई चैंपियन के अलावा जूनियर विश्व कप की स्वर्ण पदकधारी हैं और ओलंपिक कांस्य पदकधारी गगन नारंग के युवाओं को ट्रेनिंग देने के लिए की गई शुरुआत 'प्रोजेक्ट लीप' के लिए चुनी गई थी।



**मॉन्ट्रियल।** एमएलएस फुटबॉल मैच के पहले हाफ के दौरान वैंकूवर व्हाइटकेप्स के फारवर्ड माइकल चेरिनो ने मॉन्ट्रियल इम्पैक्ट्स रूडी कैमाचो से गेंद को छिन लिया।

सेरेना की नजर मारग्रेट कोर्ट के रिकार्ड की बराबरी पर

# दर्द के बावजूद नोवाक जोकोविच अगले दौर में

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने कंधे के दर्द के वावजूद बुधवार को बारिश से प्रभावित अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया जबकि रोजर फेडरर ने एक और धीमी शुरुआत करते हुए कदम आगे बढ़ाए। वहीं महिलाओं के वर्ग में सेरेना विलियम्स ने वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली 17 साल की कैटी मैकनैली को 5-7, 6-3, 6-1 से शिकस्त दी। अमेरिका की आठवीं वरीय सेरेना अपने करियर का 24वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतकर मारग्रेट कोर्ट के रिकार्ड की बराबरी करने की कोशिश में जुटी हैं। शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी इस धुरंधर ने अर्जेंटीना के 56 रैंकिंग के जुआन इग्नासियो लोंडेरो पर 6-4, 7-6 6-1 से जीत हासिल की।

■ फेडरर फिर पहला सेट गंवाने के बाद जीते



जोकोविच पिछले पांच ग्रैंडस्लैम में से चार अपने नाम कर चुके हैं और कुल 16 खिताब जीतने वाले

### उलटफेर होने से बचे फेडरर

20 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता फेडरर 2008 के बाद पहली अमेरिकी ओपन ट्राफी जीतने की उम्मीद लगाए हैं जिन्होंने 2004 से 2008 तक लगातार यहां खिताब जीते थे। उन्होंने 99वीं रैंकिंग के बोस्नियाई खिलाड़ी दामिर जुमहुर पर 3-6, 6-2, 6-3, 6-4 से फतह हासिल की। स्विट्जरलैंड के तीसरे वरीय खिलाड़ी ने भारतीय क्वालीफायर सुमित नागल के खिलाफ शुरूआती मुकाबले में भी पहला सेट गंवाया था। केई निशिकोरी ने अमेरिका के 108वीं रैंकिंग के ब्रैडले क्लान को 6-2, 4-6, 6-3, 7-5 से पराजित किया।

### वीनस हारकर बाहर

महिलाओं के वर्ग में फ्रेंच ओपन चैंपियन एशले बार्टी ने अमेरिका की लौरेन डेविस को 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। चेक गणराज्य की तीसरी वरीय कैरोलिना प्लिस्कोवा ने जार्जिया की क्वालीफायर मरियम बोल्कवाद्जे को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। यूक्रेन की पांचवीं वरीय एलिना स्वितोलिना ने सात बार की ग्रैंडस्लैम विजेता वीनस विलियम्स को 6-4, 6-4 से मात दी। अमेरिका की 10वीं वरीय मेडिसन कीज ने चीन की जु लिन का सफर 6-4, 6-1 से समाप्त किया।

## क्रिकेट प्रतियोगिताओं से बड़े हैं ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेल



एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने गुरुवार को कहा कि ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों जैसी बहु खेल प्रतियोगिताएं क्रिकेट प्रतियोगिताओं से बड़ी हैं। यहां एक किताब के विमोचन के दौरान सहवाग ने कहा कि अन्य खिलाड़ियों को क्रिकेटरों की तुलना में बेहद कम 'सुविधाएं' मिलती हैं। सहवाग ने कहा, 'मैं हमेशा से सोचता रहा हूं कि ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेल क्रिकेट प्रतियोगिताओं से बड़े हैं।

मैं हमेशा से सोचता था कि इन खिलाड़ियों का काफी अच्छी तरह ख्याल रखा जाता है, उन्हें अच्छा खाना और पोषक तत्वों के अलावा फिजियो और ट्रेनर मिलते हैं। लेकिन जब मैं उनसे मिला और उन्हें जानने का मौका मिला, मैंने महसूस किया कि जो भी सुविधाएं हमें (क्रिकेटरों को) मिलती है, इन खिलाड़ियों को उनका 10 या 20 प्रतिशत भी नहीं मिलता। इसके बावजूद वे पदक जीत रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अदन के पास हवाई हमले में 30 सैनिकों की मौत

**काहिरा।** यमन के एक कमांडर ने दावा किया है कि बंदरगाह शहर अदन की ओर बढ़ रहे सरकारी बलों को निशाना बना कर किए गए हवाई हमलों में कम से कम 30 सैनिकों की मौत हो गई। विशेष बलों के कमांडर कर्नल मोहम्मद अल-ओबन ने कहा कि सेना बृहस्पतिवार को अदन की ओर बढ़ रही थी, उसी दौरान हवाई हमले हुए। उन्होंने यह नहीं बताया कि इन हवाई हमलों के पीछे कौन था। उन्होंने सिर्फ यही कहा कि विमान सऊदी नीत गठबंधन की ओर से थे। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अधिकारियों ने इस संबंध में तत्काल टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

### मोरक्को में बाढ़ से सात लोगों की मौत

**राबात।** दक्षिण मोरक्को में लगातार हो रही बारिश के कारण उफनती नदी का पानी तट को पार करता हुआ पास के एक गांव में फुटबॉल के मैदान में घुस गया और पानी की तेज धार अपने साथ सात लोगों को बहा कर ले गई, जिससे उनकी मौत हो गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि तारोउडेंट क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से आठ लोगों ने फुटबॉल ग्राउंड के चेंजिंग रूम में शरण ले रखी थी, वे सभी पानी के तेज बहाव में बह गए। उन्होंने कहा कि मैं सदमें में हूं, मैं 64 साल का हूं और मैंने ऐसी बारिश कभी नहीं देखी। अधिकारियों ने बताया कि लोगों की तलाश में राहत एवं बचाव कार्य चल रहे हैं।

### दलाई लामा निजी यात्रा पर मेंगलुरु पहुंचे

**मंगलुरु।** तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा निजी यात्रा पर बृहस्पतिवार को कर्नाटक के मैंगलुरु पहुंचे। दक्षिण कन्नड़ जिला प्रशासन के अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर दलाई लामा की अगवानी की। उनके पहुंचने पर हवाई अड्डे पर सुरक्षा बंदोबस्त कड़ा कर दिया गया था और हवाई अड्डे के बाहर उनका स्वागत तिब्बती पारंपरिक नृत्य से किया गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि वह शहर के एक निजी होटल में ठहरेंगे। दलाई लामा को शुक्रवार को कन्कनाडि में फादर मूलर स्टेडियम में ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कैथोलिक स्कूल्स के राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेना है। वह 31 अगस्त को शहर से रवाना होंगे।

### अधिक वजन को लेकर सात अधिकारियों पर कार्रवाई

**काठमांडू।** नेपाल सेना ने अपने उन सात वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है जिनका वजन सामान्य से काफी ज्यादा पाया गया है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'हिमालयन टाइम्स' ने बृहस्पतिवार को खबर दी कि अधिक वजन वाले तीन अधिकारियों को पदोन्नति नहीं दी गई है जबकि चार अन्य को संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में हिस्सा लेने से रोक दिया गया है। उनका 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) काफी ज्यादा था। बीएमआई परीक्षण से पता चलता है कि व्यक्ति का वजन सामान्य से कम है, सेहत के अनुरूप है।

---

पाक विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने दी जानकारी

# करतारपुर गलियारे पर आज बात करेंगे भारत-पाक अधिकारी

एजेंसी ▶▶इस्लामाबाद

कश्मीर मसले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बावजूद दोनों देशों के अधिकारी आज शुक्रवार को मिल कर करतारपुर गलियारा परियोजना पर बातचीत करेंगे। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैजल ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को बोर्डर स्थित जीरो प्वाइंट पर तकनीकी बैठक होगी। फैजल ने गुरुवार को यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान के प्रस्ताव से भारत सहमत है और करतारपुर साहिब गलियारे को लेकर तकनीकी बैठक 30 अगस्त को जीरो प्वाइंट पर होने जा रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार, करतारपुर साहिब गलियारे को पूरा करने और इसका उद्घाटन करने को लेकर प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान ने कहा कि वह सीमापार करतारपुर गलियारा परियोजना का काम जारी रखेगा और सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती पर नवंबर में इसे खोलेगा। पाकिस्तान में रावी नदी के तट पर स्थित करतारपुर गुरुद्वारा भारत के गुरुदासपुर जिला स्थित डेरा बाबा नानक श्राइन से करीब चार किलोमीटर दूर है और यह लाहौर से करीब 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में अवस्थित है। गुरु नानक 1939 में अपने मृत्यु पर्यंत वहां 18 साल तक रहे थे। इसी महीने नई दिल्ली द्वारा जम्मू-कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते में खटास बढ़ गई।



### कुरैशी बोले- भारत के लिए हवाईक्षेत्र बंद करने पर अभी नहीं हुआ फैसला

पाक के विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा है कि भारत के लिए हवाईक्षेत्र बंद करने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि कोई भी फैसला सभी पहलुओं पर विचारविमर्श के बाद लिया जाएगा। कुरैशी ने अंग्रेजी अखबार डॉन की रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें भारत के लिए हवाईक्षेत्र बंद करने के कयास लगाए गए थे। नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी (नाद्रा) के दौरे पर आए कुरैशी ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। लेकिन प्रधानमंत्री इमरान खान ही इस पर कोई अंतिम निर्णय लेंगे।

### पाक ने गजनवी का किया परीक्षण

पाकिस्तान ने सतह से सतह पर मार करने वाली और परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम 'गजनवी' नाम की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रायोगिक परीक्षण किया है। जिसकी मारक क्षमता 290 किलोमीटर तक की है। यह परीक्षण ऐसे समय किया गया है जब जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के पांच अगस्त के नयी दिल्ली के फैसले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है।

### राजनाथ बोले- पाक का कभी नहीं रहा कश्मीर

अनुच्छेद 370 हटने के बाद देश के केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को लद्दाख पहुंचे। राजनाथ सिंह ने वहां किसान-जवान विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा, मैं पाकिस्तान से पूछना चाहता हूं, कश्मीर कब पाकिस्तान का था कि उसको लेकर रोते रहते हो? पाकिस्तान बन गया तो हम आपके वजूद का सम्मान करते हैं। इस मामले में पाकिस्तान की कोई जगह नहीं है।

---

आतंकी हमले की चेतावनी

## कांडला और मुंद्रा बंदरगाह की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई



**भुज (गुजरात)।** समुद्र के रास्ते आतंकवादियों की संभावित घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिलने के बाद गुजरात पुलिस ने कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह कदम समुद्री रास्ते से संभावित आतंकवादी हमले की भारतीय नौसेना की चेतावनी के कुछ दिन बाद उठाया गया है। मुंद्रा बंदरगाह का संचालन अडानी समूह करता है और यह देश के बड़े बंदरगाहों में से एक है। क्षमता के लिहाज से यह पिछले साल शीर्ष पर था। सरकारी कांडला बंदरगाह में वृहत स्तर पर चीजों को ले जाने और लाने की सुविधा है। यह दोनों बंदरगाह अरब सागर में कच्छ की खाड़ी में है और पाकिस्तान के निकट है। इस क्षेत्र में कई और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान हैं। यहां जामनगर में रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर से चलनेवाला दुनिया का सबसे बड़ा तेलशोधक कारखाना है। इसके अलावा इसी तरह की एक सुविधा वाडीनार में है जिसका संचालन रूसी कंपनी रोजनेफ्त करती है।




## कलाकारी...



जर्मनी के मेकर्निच में गुरुवार को खेत में कद्दू से ईगल की प्रतिमा बनाती महिला।

### अफगानिस्तान विमानों का तालिबान ठिकानों पर हमला, 45 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में तालिबान के नियंत्रण वाले जिले में फाइटर विमानों द्वारा दो दिन पहले किए गए हमलों में 45 आतंकवादी मारे गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता निक मोहम्मद नाजरी के हवाले से कहा कि सरकारी बलों ने दो दिन पहले वाडरेज, यमगन और करन वा मुंजन जिलों में तालिबान के ठिकानों के खिलाफ हवाई हमले किए, जिसमें अब तक 45 विद्रोही मारे गए हैं और 15 अन्य घायल हैं। अधिकारी ने कहा कि सर्दियों के आने से पहले, तालिबान के कब्जे वाले इलाकों से आतंकवादियों को बाहर निकालने के उद्देश्य से ऑपरेशन 'पामिर 207' को अंजाम दिया गया।




ईरान ने कहा

### अमेरिका परमाणु समझौते पर वापस लौटे, फिर होगी बात

**तेहरान।** ईरान के उप-विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने तेहरान और वाशिंगटन के बीच तब तक किसी भी तरह की बातचीत की संभावना से इनकार कर दिया जब तक कि अमेरिका, ईरान के साथ 2015 में हुए परमाणु करार पर वापस नहीं लौटता। प्रेस टीवी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस समझौते को ज्वाइंट कॉम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन (जीसीपीओए) के नाम से भी जाना जाता है। अराकची ने बुधवार को कहा कि कोई भी देश अधिकतम दबाव के बीच वार्ता को कभी स्वीकर नहीं करेगा, क्योंकि ऐसा करना आत्मसमर्पण करने जैसा होगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अराकची ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत जीसीपीओए के ढांचे के भीतर ही होगी, वह भी तब जब अमेरिका, ईरान के खिलाफ अपने सभी प्रतिबंधों को हटा देगा।



अगले साल मिलेगी पहली डिलिवरी

### भारत ने रूस को एस-400 का एडवांस पेमेंट किया

**मॉस्को।** भारत ने रूस को एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए एडवांस पेमेंट कर दिया है। अब भारत को इस सिस्टम की पहली डिलिवरी अगले साल मिल जाएगी। अगले 6 सालों में (2025 तक) रूस भारत को सभी डिफेंस सिस्टम सौंप देगा। रूसी न्यूज एजेंसी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। यह रिपोर्ट भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के हालिया मॉस्को दौरे के बाद सामने आई है। यहां उन्होंने रूसी विदेश मंत्री सर्गेइ लवरोव से मुलाकात की थी। रूस की फेडरल सर्विस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, भारत के साथ एस-400 के एडवांड पेमेंट का मुद्दा सुलझा लिया गया है। हालांकि, बयान में प्रोजेक्ट की तकनीकी जानकारी का खुलासा नहीं किया गया।



फर्जी डिग्रियों की ब्रिकी

### यूजीसी को उच्चस्तरीय कमेटी बनाने के आदेश

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कुछ विश्वविद्यालयों में फर्जी डिग्रियों की ब्रिकी को लेकर मीडिया में आई खबरों के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन का आदेश दिया है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि समिति को तीन सप्ताह के भीतर अपनी जांच पूरी करनी है और ऐसे संस्थानों एवं व्यक्तियों की पहचान करनी है। वहीं, मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने भी ट्वीट कर कहा कि इस संबंध में संबंधित संस्थाओं को जांच के निर्देश दिए गए हैं। एचआरडी मंत्रालय ने इस बारे में ट्वीट कर बताया कि मीडिया में आई खबरों के मद्देनजर मंत्रालय ने कुछ विश्वविद्यालयों में फर्जी डिग्रियों की ब्रिकी के आरोपों पर यूजीसी को तत्काल एक उच्च स्तरीय समिति के



---

खस्ता हालात: 41 लाख रुपये के बिजली बिल का बकाया

## बिल जमा नहीं करने पर पाक के पीएम कार्यालय की कटेगी बिजली

एजेंसी ▶▶इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को एक अजीबोगरीब स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। इस्लामाबाद की बिजली कंपनी ने लाखों रुपये के बकाये बिजली बिल का भुगतान नहीं होने पर प्रधानमंत्री कार्यालय की बिजली काटने की धमकी दी है। पाकिस्तान इन दिनों वित्तीय संकट से गुजर रहा है। इस्लामाबाद इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी (आईईएससीओ) ने बुधवार को प्रधानमंत्री सचिवालय को भेजे नोटिस में कहा यदि बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जाता है तो बिजली काट दी जाएगी।

कंपनी ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय पर 41 लाख रुपये बिजली बिल का बकाया है। प्रधानमंत्री सचिवालय ने पिछले



महीने के 35 लाख रुपये का भुगतान भी नहीं किया है। कंपनी ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस बारे में पहले भेजे गये नोटिस का भी जवाब नहीं दिया। कानून के मुताबिक, लगातार दो महीने का बिजली का बिल नहीं जमा होने पर कंपनी चेतावनी देकर बिजली की आपूर्ति रोक सकती है। बिलों का भुगतान नहीं होने की वजह से बिजली कंपनी निजी बिजली उत्पादकों को भुगतान नहीं कर पा रही है।

### हथियारों पर कर्ज लेकर फूंक रहा पैसा

बता दें कि पाकिस्तान जहां बुरी हालत से गुजर रहा है। वहीं वह बर्बादी के हथियारों पर कर्ज लेकर पैसा फूंक रहा है। पाकिस्तान ने भारत से तनाव के बीच सतह से सतह पर मार करने वाली और परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम 'गजनवी' नाम की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रायोगिक परीक्षण किया है, जिसकी मारक क्षमता 290 किलोमीटर तक की है। यह परीक्षण ऐसे समय किया गया है, जब जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के 5 अगस्त के नई दिल्ली के फैसले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है। इससे पहले पाकिस्तान ने मई के शुरू में सतह से सतह पर मार करने वाली 'शाहीन-2' बैलिस्टिक मिसाइल का प्रशिक्षण परीक्षण किया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109